कृष्ण पक्ष, 21 वर्ष, अंक 321, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 17 दिसंबर 2022 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### चीन की धमकी साफ तौर पर नजर आ रही है, लेकिन सरकार चुप है: राहुल गांधी

## चीन कर रहा युद्ध की तैयारी: राहुल

**जयपुर:** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने चीन को लेकर केन्द्र पर निशाना साधते हुए कहा है कि चीन युद्ध की तैयारी कर रहा है और सरकार सो रही है। चीन की धमकी साफ तौर पर नजर आ रही है, लेकिन सरकार चुप है। सरकार छुपा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिंदुस्तान की सरकार इवेंट बेस काम करती है, जबकि चीन रणनीतिक रूप से काम कर रहा है। यह कोई साधारण घुसपैठ का मामला नहीं है, लेकिन केन्द्र सरकार सुनना नहीं चाहती है। राहुल गांधी शुक्रवार को भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर जयपुर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि चीन लगातार युद्ध की तैयारी कर रहा है। सरकार सोई हुई है। हमारी सरकार चीन की तैयारी को छिपाती है। हिंदुस्तान की सरकार रणनीतिक रूप से काम नहीं करती, इवेंट बेस काम करती है। जहां जिओ पॉलिटिक्स की बात आती है, वहां इवेंट काम नहीं आते, वहां ताकत काम आती है। विदेश मंत्री के बयान आते रहते हैं, उन्हें अपनी समझ गहरी करने की जरूरत है। उन्होंने राजस्थान कांग्रेस में किसी भी तरह के मतभेदों को नकार दिया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस व सरकार में किसी भी तरह के अनिर्णय की स्थिति नहीं है। हम लोकतांत्रिक पार्टी चला रहे हैं और पार्टी के लोग बोलना चाहें, तो डरा कर चुप नहीं करा सकते। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा और आरएसएस का काम बदनाम करने का है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में तानाशाही नहीं है। कांग्रेस में बयानबाजी और थोड़ी चर्चा होती है, जो अच्छी बात है। सिर्फ राजस्थान में ही नहीं, दूसरे राज्यों में भी यह




चलता है। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के चुनाव जीतने के कई कारण हैं। उनके पास भारी पैसा है, वे लोगों को धमकाते हैं। हम ऐसा नहीं करते और वे संसाधन हमारे पास नहीं हैं। हमारे पास उतना पैसा नहीं है। उनके सत्ता में आने का दूसरा कारण है कि वह नफरत फैलाते हैं, वे देश को बांटते हैं। जिस दिन कांग्रेस को यह समझ आ गया कि वह क्या है, उस दिन कांग्रेस हर चुनाव जीतेगी और एक दिन भाजपा को हम ही हराएंगे। राहुल गांधी ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा से मुझे पर्सनली बहुत फायदा हुआ है। बहुत सीखने को मिला है। मेरी भी जनता से थोड़ी दूरी थी, वह खत्म हो गई। जो सड़क पर चलने से दिखता है, वह बिल्कुल अलग होता है। जब सड़कों पर चलते हैं तो थोड़ी थकान और दर्द होता है, हम लाखों लोगों से मिलते हैं, बात करते हैं। हम किसान से मिलते हैं तो वह इस बात को समझ लेता है



कि यह जो व्यक्ति आया है, यह दर्द सहकर आया है, फालतू में नहीं आया। फिर वह दिमाग से नहीं, दिल से बोलता है। हिंदुस्तान की जनता दिल से बोलती है, तो बात अलग होती है। राहुल गांधी ने कहा कि नेताओं की जनता से एक दूरी सी पैदा हो गई है। अंहकार पैदा हो गया है। मैंने सोचा कि जनता और नेता की दूरी को खत्म करना है। यह दर्द की दूरी है।

**जनता का बहुत प्यार मिला है: राहुल**

यात्रा का लक्ष्य यह भी था कि जनता के बीच के दर्द को समझा जाए। जनता का बहुत प्यार मिला है, आपको मैं समझा नहीं सकता। हमारी यात्रा राजनीति करने का दूसरा तरीका है। ये गांधीजी का तरीका है, राजस्थान में सबसे अच्छा रिस्पोंस है।

### 'हम भाजपा की हिंसा के खिलाफ खड़े हो रहे'

**राहुल** गांधी ने कहा कि यात्रा शुरू होने पर मीडिया ने कहा था कि दक्षिण भारत में सफल यात्रा उत्तर भारत में कामयाब नहीं होगी। उसके बाद जब यात्रा मध्यप्रदेश में आई, तो लोगों ने कहा कि यहां तो कामयाब हो गई लेकिन आगे राह कठिन है, लेकिन जैसे-जैसे ये यात्रा आगे बढ़ रही है, लोगों का समर्थन और मिलता जा रहा है। राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान में लाखों लोग यात्रा का हिस्सा बने। कांग्रेस संगठन ने शानदार काम किया। हम भाजपा की हिंसा के खिलाफ खड़े हो रहे है और उसमें जनता का शानदार साथ मिल रहा है।

## माघ मेले के दौरान योगी सत्यम को जान से मारने की हो रही साजिश, जांच में जुटी पुलिस

### आश्रम के समीप रहने वाली अंजलि ने झूंसी थाने में दी है तहरीर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** क्रियायोग गुरु योगी सत्यम को बम से उड़ाने की साजिश हो रही है यह बातअंजली पुत्री भागीरथी निवासी ग्राम झूंसी कोहना, तहसील फूलपूर, जिला प्रयागराज ने 08. दिसंबर की शाम लगभग 7:00 बजे अपनी बहन के साथ झूंसी स्थित अनवर मार्केट गई थी। वहाँ 5-6 लोग आपस में गुरुजी स्वामी योगी सत्यम संस्थापक क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान को जान से मारने की साजिश कर रहें थे। अंजलि ने



इसकी शिकायत लिखित रूप से झूंसी थाने में की है ,उसने तहरीर में लिखा है कि लोग आपस में बात कर रहें थे कि माघ मेले के समय शाम की कक्षा के बाद आश्रम वापस जाते वक्त योगी सत्यम एवं उनके ड्राईवर को गोलियों से छलनी कर देंगे। वहाँ उपस्थित 5-6 व्यक्तियों में से कुछ लोगों को अंजलि पहचानने का दावा भी कर रही है ।हालांकि इस मामले को लेकर जब झूंसी पुलिस से बात की गई तो उन्होंने बताया कि एक लड़की अंजलि पुत्री भागीरथी निवासी ग्राम झूंसी कोहना की रहने वाली है इनके द्वारा एक लिखित पत्र दिया गया है । पत्र के आधार पर जांच पड़ताल हो रही है। हालाकी इस मामले में पुलिस ने यह भी बताया कि जांच पड़ताल के पश्चात ही इस पर कोई कदम उठाया जाएगा ।

## तवांग मुद्दे पर चर्चा के लिए अड़ी कांग्रेस

**नई दिल्ली:** अरुणाचल प्रदेश के तवांग में भारतीय और चीनी सैनिकों के बीच हुई झड़प के मुद्दे पर संसद में गतिरोध खत्म नहीं हो रहा है। विपक्षी दल लगातार इस पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस भी तवांग मुद्दे पर चर्चा के लिए अड़ी है। इसी को लेकर शुक्रवार को राज्यसभा में जोरदार हंगामा हुआ। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा।

**नारेबाजी करते हुए वेल में आए कांग्रेस सांसद**

कांग्रेस सांसदों ने इस मुद्दे पर बहस करने के लिए दिन के कामकाज को अलग करने की मांग की, लेकिन जब अध्यक्ष ने अनुमति नहीं दी।

## यूक्रेन: पीएम मोदी ने रूसी राष्ट्रपति से की बात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से टेलीफोन के माध्यम से बातचीत की। इस दौरान प्रधानमंत्री यूक्रेन के साथ संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाने की अपनी अपील को दोहराया। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार दोनों नेताओं ने समरकंद में एसीओ के शिखर सम्मेलन के दौरान हुई मुलाकात के बाद द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की। इसमें ऊर्जा सहयोग, वाणिज्य-निवेश, रक्षा व सुरक्षा सहयोग तथा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र शामिल रहे। प्रधानमंत्री ने रूसी राष्ट्रपति को भारत की अध्यक्षता में जी-20 से जुड़े विभिन्न बिंदुओं और प्राथमिकताओं की जानकारी दी। उन्होंने शंघाई सहयोग संगठन की भारत की अध्यक्षता के दौरान दोनों देशों के साथ मिलकर काम करने के संकल्प को दोहराया। दोनों नेताओं ने नियमित तौर पर आपस में जुड़े रहने पर भी सहमति जताई। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति के बीच इस वर्ष टेलीफोन के माध्यम से होने वाली पांचवीं बातचीत है।

उन्होंने समरकंद में एससीओ शिखर सम्मेलन के इतर व्यक्तिगत तौर पर भी मुलाकात की थी। उल्लेखनीय है कि भारत और रूस के शीर्ष नेतृत्व के बीच हर वर्ष की भांति इस बार शिखर वार्ता नहीं होने जा रही है। इस बार प्रधानमंत्री मोदी को रूस जाना था लेकिन चुनावों से जुड़े व्यस्त कार्यक्रम, संसद सत्र और अन्य व्यवस्थाओं के चलते वार्ता नहीं हो पायेगी।

## 'लोगों को चीनी ऐप की धोखाधड़ी से बचाने के सरकार कर रही तैयारी'

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार डिजिटल उधारी देने वाले विभिन्न चीनी ऐप से आम आदमी को धोखाधड़ी से बचाने के लिए ठोस कार्रवाई कर रही है। वित्त मंत्री ने शुक्रवार को उच्च सदन तृणमूल कांग्रेस के सदस्य नदीमुल हक के सवाल के जवाब में यह बात कही। राज्य सभा में शून्यकाल के दौरान हक ने डिजिटल उधारी देने वाले ऐप के जरिये आम आदमी के साथ धोखाधड़ी किये जाने का मुद्दा उठाया था। सीतारमण ने कहा है कि सरकार यह सुनिश्चित करने के प्रयास कर रही है कि लोग चीनी ऐप



के शिकार न हों। हक ने मुद्दा उठाते हुए कहा कि आसानी से लोन देने का झांसा दे रहे ऐसे लगभग 1100 ऐप हैं, जिनमें से करीब 600 ऐप अवैध हैं। यह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के दिशा-निर्देशों के दायरे से बाहर हैं। इन अवैध ऐप में बड़ी संख्या चीनी ऐप की है। इसके जवाब में सीतारमण ने कहा कि चीनी ऐप के मुद्दे पर रिजर्व बैंक कार्रवाई कर रहा है।

## 'पीएम मोदी पर बिलावल ने की अभद्र टिप्पणी'

**नई दिल्ली।** पविदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह पड़ोसी देश के घटियापन की चरम सीमा है। मंत्रालय ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के दबाव से परेशान पाकिस्तान अपनी भड़ास निकाल रहा है। पाकिस्तान अब आतंकवादियों और छद्म गुटों का उपयोग नहीं कर पा रहा है। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल को 1971 के बांग्लादेश मुक्ति अभियान की याद दिलाई। इस लड़ाई में भारतीय सेना ने मुक्ति




वाहिनी के साथ मिलकर आज ही के दिन 16 दिसंबर को पाकिस्तानी हुकूमत का खात्मा किया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने शुक्रवार को बिलावल की न्यूयार्क में की गई टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि 1971 के बांग्लादेश युद्ध का घटनाक्रम तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में बंगालियों और और हिंदुओं के नरसंहार का नतीजा था। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से पाकिस्तान का अल्पसंख्यकों के साथ पुराना बर्ताव बदला नहीं है। पाकिस्तान को कोई हक नहीं है कि वे लोकतंत्र की जननी माने जाने वाले भारत के खिलाफ कोई टिप्पणी करें। उल्लेखनीय है कि बिलावल भुट्टो के बयान के खिलाफ आज दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के बाहर भाजपा कार्यकताओं ने प्रदर्शन भी किया है। भुट्टो ने संयुक्त राष्ट्र परिषद में गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ अभद्र टिप्पणी करते हुए उन्हें ह्यगुजरात का कसाई की संज्ञा दी थी। विदेश मंत्री एस जयशंकर के बयान से तिलमिलाए बिलावल ने कहा था। यह एक तथ्य है कि ओसामा बिन

## 'बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को लक्षित करने में हो रहा है पीआईएल का इस्तेमाल'

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) और बिहार सरकार को निवर्तमान पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) एस के सिंघल के उत्तराधिकारी के नाम पर तेजी से फैसला करने का निर्देश दिया, जो कि 19 दिसंबर को पद छोड़ रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा की पीठ ने यूपीएससी से राज्य सरकार द्वारा प्रदान की गई सूची में से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के तीन नामों को अंतिम रूप देने के लिए कहा, जिन्हें अगले साल दो जनवरी को या उससे पहले डीजीपी पर अंतिम



फैसला लेना होगा। रिपोर्टों के अनुसार, राज्य सरकार ने हाल ही में यूपीएससी को 11 वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के नाम प्रदान किए हैं, जिन्हें तीन नामों को अंतिम रूप देना है। राज्य सरकार यूपीएससी द्वारा शॉर्टलिस्ट किए गए तीन अधिकारियों में से किसी को भी डीजीपी के रूप में नियुक्त करने के लिए स्वतंत्र होगी।

## अब गिरफ्तार के अलावा फरार आतंकियों की भी डिजिटल कुंडली 'डोजियर' होगा तैयार

**नई दिल्ली:** अब फरार संदिग्ध आतंकियों की भी डिजिटल कुंडली डोजियर तैयार होगी। संदिग्धों धर-पकड़ तेज करने व इनकी पैनी नजर रखने के लिए देश की जांच एजेंसियों, अदालत व जेल सहित पांचों नेशनल ई-प्लेटफॉर्म पर इसे अपडेट किया जाएगा। ताकि ये कहीं पहचान छिपाकर रहने के दौरान पकड़े भी जाएं तो तत्काल इनकी तलाश में जुटी देश की केंद्रीय या फिर राज्यों की जांच एजेंसियों को तत्काल इनके बारे में सूचित किया जा सके। दरअसल ऐसे संदिग्धों की डिजिटल कुंडली को इंटर ऑपरेबल क्रिमिनल




जस्टिस सिस्टम (आईसीजेएस) से जोड़ा जोड़ा जा रहा है। इस सिस्टम के तहत 'एक डेटा, एक एंट्री' के सिद्धांत पर काम होगा, जिससे संदिग्ध अपराधियों का डेटा केवल एक कॉलम में दर्ज किया जाएगा। फिर वही डेटा अन्य सभी कॉलम में दर्ज हो जागए, और एक क्लिक में ही संदिग्ध की पूरी की जानकारी मिल जाएगी, जिससे किसी भी संदिग्ध को दबोचना आसान होगा। इसके लिए संदिग्धों का डाटा एक साथ जांच से जुड़े सभी पांचों नेशनल ई-प्लेटफॉर्म सीसीटीएनएस (क्राइम कंट्रोल ट्रैकिंग सिस्टम), ई-फॉरेंसिक, ई-कोर्ट, ई-प्रॉसीक्यूशन व ई-जेल पर अपलोड किया जा रहा है। इतना ही नहीं आईसीजेएस सिस्टम को हाई स्पीड कनेक्टिविटी के साथ एक सिक्योर्ड क्लाउड बेस्ड सिस्टम के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के सहयोग से परियोजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो निभा रहा है। यह परियोजना को केंद्र शासित प्रदेशों के अलावा सभी राज्यों एक साथ करने की योजना पर तेजी से काम हो रहा है।

## 'चीन की हिमाकत का सेना ने दिया कड़ा जवाब'

**नई दिल्ली:** अरुणाचल प्रदेश में भारत और चीन के सैनिकों के बीच हुई झड़प के बाद भारत ने सरहद पर चौकसी बढ़ा दी है। इस बीच पूर्वी सेना कमान के प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने विजय दिवस के अवसर पर कहा कि, पीपल्स लिबरेशन आर्मी ने लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल को पार किया, इसके विरोध में दोनों तरफ के सैनिकों को चोटें आई हैं। इसका स्थानीय स्तर पर समाधान हुआ है। इसे लेकर बुमला में एक फ्लैग भी मीटिंग हुई है। स्थिति नियंत्रण में हैं।

**'देश की रक्षा के लिए तैयार हैं':** लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता एक सैनिक के नाते हम हमेशा अपने देश की रक्षा के लिए तैयार हैं।

## 'देश की संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास नहीं हुआ था'

**वाराणसी:** तमिलनाडु की परंपराओं व संस्कृति से वाराणसी के जुड़ाव को प्रदर्शित कर रहे काशी तमिल संगमम के मास पर्यंत यात्रा पर शुक्रवार को विराम लग गया। बीएचयू के एंफीथिएटर मैदान में आयोजित समापन समारोह को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरूआत में उन्होंने काशी तमिल संगमम के एक माह तक के आयोजन को अलौकिक बताया। कहा कि यह भारत की दो महान सांस्कृतिक धरोहरों के अद्भुत संगम है। गृहमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के काशी तमिल संगमम की कल्पना की पूणार्हुति होने जा रही है। हालांकि ये पूणार्हुति नहीं है। ये शुरूआत है, भारतीय संस्कृति के दो उटुंग शिखर, तमिलनाडु की संस्कृति, दर्शन, भाषा, कला, ज्ञान और विश्व में जिसकी मान्यता है, ऐसी काशी की सांस्कृतिक विरासत के मिलन की शुरूआत है। लंबे समय से हमारे देश की संस्कृतियों को जोड़ने का प्रयास नहीं हुआ था। प्रधानमंत्री ने काशी तमिल संगमम के माध्यम से सदियों बाद ये प्रयास किया है। ये प्रयास पूरे देश की भाषाओं और संस्कृतियों को जोड़ने का सफल प्रयास सिद्ध होगा। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि गुलामी के एक लंबे काल खंड में हमारी संस्कृति और विरासत को मलिन करने का प्रयास किया गया है। हमें आनंद है कि भारत की आजादी के अमृतकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सांस्कृतिक पुनर्जागरण का काम किया है। मैं इसके लिए उन्हें बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। भारत अनेक संस्कृतियों, भाषाओं, बोलियों और कलाओं से बना हुआ देश है। मगर, इन सबके बीच में बारीकी से देखें तो उसकी आत्मा एक है और वह भारत की आत्मा है। दुनिया के अन्य देश जिओ पॉलिटिकल आधार बने हुए हैं, लेकिन भारत के साथ ऐसा नहीं है।

**देश की सांस्कृतिक एकता में जहर घोलने का प्रयास किया गया:** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि आजादी के बाद एक समय ऐसा आया, जब देश की सांस्कृतिक एकता में जहर घोलने का प्रयास किया गया। लेकिन अब समय आ गया है एक भारत श्रेष्ठ भारत की रचना करने का और वो भारत की सांस्कृतिक एकता से ही हो सकता है। मैं काशी वालों का धन्यवाद करना चाहता हूं, तमिलनाडु से आए हुए सभी भाई-बहनों का काशी वासियों ने मन से स्वागत किया है। तमिलनाडु वाले काशी को कभी भूल नहीं सकते।

अंत में उन्होंने हर-हर महादेव का उद्घोष कर अपने संबोधन को समाप्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि काशी तमिल संगमम ने काशी में एक भारत, श्रेष्ठ भारत की संकल्पना को साकार कर दिया है। उन्होंने इस भव्य आयोजन के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस आयोजन के लिए काशी को चुना जाना उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी बात है। इस आयोजन में जिस तरह से काशीवासियों ने सहभाग्य किया वो प्रशंसनीय है।

## दो दिन के कारोबार में निवेशकों को लगा 6 लाख करोड़ का चूना

**नई दिल्ली:** घरेलू शेयर बाजार में कल से ही जारी गिरावट के कारण सिर्फ 2 दिन में ही निवेशकों को करीब 6 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो चुका है। भारतीय शेयर बाजार में सेंसेक्स में गुरुवार को 878.88 अंक की और 461.22 अंक की गिरावट दर्ज की गई। इस तरह सप्ताह के आखिरी 2 कारोबारी दिन के दौरान सेंसेक्स में कुल 1,340.10 अंक गिरावट आ गई। इसी तरह निफ्टी में गुरुवार को



245.40 अंक की और आज 145.90 अंक की गिरावट दर्ज की गई। इस तरफ निफ्टी भी 2 दिनों में 491.30 अंक टूट चुका है। इन 2 दिनों के दौरान हुई गिरावट से शेयर बाजार के निवेशकों को जबरदस्त नुकसान हुआ है।

# प्रयागराज में महाकुम्भ में टूरिज्म में 204 करोड़ रुपए का निवेश का हुआ करार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश सरकार एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था का लक्ष्य लेकर निवेश को प्रोत्साहन देने में तेजी से आगे बढ़ रही है। प्रदेश सरकार की नई पर्यटन नीति भी इसी का एक अंग बनकर निवेशकों को आकर्षित करने में सहयोग दे रही है। प्रयागराज में महाकुम्भ को देखते हुए पर्यटन में 204 करोड़ रुपए के निवेश के करार से इसकी शुरूआत हुई है।

**महाकुम्भ में पर्यटन क्षेत्र में 204 करोड़ रुपए के निवेश से शुरूआत**

प्रयागराज में वर्ष 2025 में लगने जा रहे महाकुम्भ को लेकर अभी से निवेशको के अन्दर निवेश की रूचि दिखने लगी है। प्रयागराज कुम्भ 2019 का प्रदेश सरकार ने जिस भव्य और दिव्य अंदाज में आयोजन किया उससे त्रिवेणी की पावन भूमि पर 24 करोड़ से अधिक लोगों का यहाँ आगमन हुआ था। सरकार का अनुमान है कि प्रयागराज के आगामी महाकुम्भ- 2025 में 40 करोड़ से अधिक लोग आ सकते हैं। आगंतुकों की यह संख्या अपने साथ पर्यटन क्षेत्र के लिए अपार संभावनाएं भी साथ ला रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह के मुताबिक आगामी महाकुम्भ 2025 में आने वाले इन आगंतुकों की संख्या को देखते हुए पर्यटन के क्षेत्र में निवेश के लिए अभी से निवेशक आने लगे हैं पर्यटन में प्रयागराज में अभी 204 करोड़



रुपए के निवेश पर एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, साथ ही लोगों के प्रस्ताव तेजी से आ रहे हैं।

**पर्यटन में 12 इकाइयों ने किया निवेश**

प्रयागराज में आगामी महाकुम्भ में आने वाले आगंतुकों की संख्या को लेकर पर्यटन क्षेत्र में निवेश करने वाले निवेशक खासे उत्साहित हैं। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि अभी तक पर्यटन में 12 इकाइयों ने निवेश के लिए 204 करोड़ रुपए के निवेश पर हस्ताक्षर किए हैं। ये सभी स्थानीय निवेशक हैं निवेश करने वाली इकाइयों में अभी पर्यटन में सबसे बड़ा निवेश रिसोर्ट के लिए 100 करोड़ रुपये का अमरेन्द्र ग्रुप से आया है। इसके अलावा 25 करोड़ रुपये का निवेश भी एक रिसोर्ट के लिए वैभव ग्रुप से आया है। कृपा शंकर ग्रुप की तरफ से भी रिसोर्ट के लिए 15 करोड़ के निवेश पर करार हुआ है।

**नई पर्यटन नीति में मिल रही सब्सिडी से निवेश में हो रही बढ़ोत्तरी**

प्रदेश सरकार की नई पर्यटन नीति में प्रदेश में धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को नई ऊर्चाइयों तक ले जाने की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन को बढावा देने के लिए सरकार निवेशकों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत निवेश के लिए आमंत्रित कर रही है। प्रयागराज की क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अपराजिता सिंह बताती हैं कि प्रदेश सरकार में पर्यटन नीति अनुमन्य प्रोत्साहन के लिए 22 नई गतिविधियों को जोड़ा गया है जिसमें वेलनेस रिसार्ट, हेरिटेज होम स्टे, बजट होटल, हेरिटेज होटल, स्टार होटल, इको टूरिज्म की ईकाइयां, कारवां टूरिज्म, यूनिट, प्रदर्शनी, तीर्थयात्रा, धर्मशालाएं, आल वेदर सीजनल कैंप, जलाशय, झील, वेलनेस टूरिज्म तथा एडवेंचर टूरिज्म शामिल हैं। इसमें होटल इंडस्ट्री के लिए निवेश आधारित सब्सिडी की व्यवस्था की गई है जिसमे 10 करोड़ तक के निवेश पर 2 करोड़ और 500 करोड़ से अधिक के निवेश पर 40 करोड़ रुपये तक सब्सिडी दी जाएगी। हेरिटेज होटल्स के लिए 10 लाख से 10 करोड़ के निवेश पर 25 फीसदी की सब्सिडी, इसी तरह से 50 करोड़ पर 20 फीसदी, 200 करोड़ तक 15 फीसदी 200 करोड़ या उसे अधिक पर 10 फीसदी की सब्सिडी दी जायेगी। इसके अलावा होटलों को उद्योग का दर्जा मिलेगा।

# कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** औद्योगिक क्षेत्र पुलिस ने खास सूचना पर थाना क्षेत्र लवायन मवैया में छापेमारी करते हुए महुआ से बनी देशी शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष के अनुशार बरामद 15 लीटर शराब समेत गिरफ्तार पुलिस आरोपी को पकड़कर थाने पर ले आयी जहाँ आबकारी एक्ट अधिनियम में मुकदमा पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही को पूरा किया।पुलिस आयुक्त रमित शर्मा के निर्देशन में शराब माफियाओ पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के कड़ी में पुलीस उपायुक्त यमुनानगर सौरभ दीक्षित व एसीपी करछना के पर्वेक्षण में थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे की देख रेख में आज उनकी पुलिस सुरक्षा दृष्टिगत क्षेत्र में भ्रमण कर रहीं थी।

तभी मुखबीर से लवायन मवैया रोड गाँव मवैया गाँव में कच्ची शराब के साथ एक युवक की होने की खास सूचना दी सूचना पर यकीन कर थानाध्यक्ष द्वारा दरोगा कमलेश कुमार गिरी हेड कांस्टेबल मनोज कुमार कास्टेबल बालकृष्ण यादव की एक टीम बनाकर उसे पकड़ने हेतु भेजा गया। मौके पर पहुंची पुलिस फोर्स ने योजनाबध्य तरीके से घेराबंदी करते हुए कच्ची शराब के साथ अभियुक्त मंगल निषाद पुत्र स्व0 किशोर निषाद निवासी ग्राम मवैया थाना औद्योगिक क्षेत्र प्रयागराज उम्र 23 वर्ष को दबोच लिया और वहां से थाने ले आयी जहा आगे की संवैधानिक कार्यवाही को पूरा किया।

## पत्नी ने नहीं दिया खाना तो युवक ने लगाई फांसी,नाजुक

**घूरपुर।** क्षेत्र के जमोली गांव में शुक्रवार को पत्नी द्वारा खाना देने में विलंब से नाराज युवक ने फांसी लगा ली ।फांसी पर लटके युवक को देख परिजनों ने उसे फंदे से निकाल अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत स्थिर बताई गई है। घूरपुर थाना क्षेत्र के जमोली गांव निवासी रामनारायण कनौजिया (24) पुत्र महेश कनौजिया जो ट्रैक्टर चालक है। शुक्रवार की दोपहर वह घर पहुंचा तो पत्नी अपने बेटे की मालिश कर रही थी। रामनारायण ने पत्नी से खाना मांगा तब तक कुछ देर हो गई।

# पूर्व मंत्री के निधन पर जताया गया शोक

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** भारतीय जनता पार्टी के फाफामऊ विधानसभा के पूर्व विधायक पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश शासन विक्रमाजीत मौर्य के आकस्मिक निधन पर शुक्रवार को भाजपा मण्डल सहसों के कार्यालय पर मण्डल अध्यक्ष अनिल सरोज के अध्यछता मे भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 2 मिनट मौन रख कर शोक सभा किया गया। मौके पर उपस्थित पूर्व जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर बीरेन्द्र बहादुर सिंह ने पूर्व मंत्री के प्रति श्रद्धा सुमन के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त करते हुए बताया कि फाफामऊ विधानसभा से विधायक रहे विक्रमाजीत मौर्य का राजनीति जीवन, भाजपा पार्टी और मानव समाज को आगे ले जाने में बहुत बड़ा योगदान रहा, ऐसे सरल, मृदु भाषी व्यक्ति का हम सब के बीच से असमय चले जाना अपूर्णीय छति हुई है। हम सब परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि उनकी आत्मा को अपने श्री चरणों स्थान दें और मृत आत्मा को शांति प्रदान करें। इस अवसर पर विपेन्द्र सिंह पटेल ब्लॉक प्रमुख फूलपुर, गीता सिंह ब्लॉक प्रमुख सहसों, अरुणेन्द्र यादव डब्बू ब्लॉक प्रमुख बहादुरपुर, पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार अमरनाथ तिवारी एवं वरिष्ठ नेता राकेश बहादुर सिंह ने भी पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक के असामयिक निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए शोक व्यक्त किया तथा उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए इस दुःख की घड़ी में परिजनों को सहनशीलता प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। शोक श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से राजधर द्विवेदी, जयप्रकाश द्विवेदी, बृजेश तिवारी, पवन शुक्ला, संजय सिंह, राजेश सरोज, संतोष सिंह, जीतेन्द्र पटेल, महेश सिंह,नरेंद्र कुशवाहा, रंजना सिंह परिहार, मधू तिवारी, पुष्पा प्रजापति, राम शुक्ला, लवकुश बिन्द, अलोक सरोज, अंकित सरोज, अमन सिंह राजपूत, प्रमोद शुक्ला, विमल मिश्रा, मुन्ना दुबे, रंजन तिवारी, राजकुमार जायसवाल, अनिल जायसवाल, सूर्यमणि पाण्डेय, राम सुधार बिन्द, सतीश कुमार, सुनील कुमार, त्रिभुवन सिंह, आदि कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

# शोभा यात्रा में गाजे-बाजे के साथ शामिल हुए सैकड़ों भक्त

## श्रीमद भागवत कथा के पहले दिन निकली भव्य शोभायात्रा

**23 दिसंबर को हवन-पूजन संग होगा कथा का समापन**

**अखंड भारत संदेश**

**शंकरगढ़।** नगर पंचायत शंकरगढ़ के संकट मोचन मंदिर (पटहट रोड, स्वामी मार्केट) प्रांगण में श्रीमदभागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार से हो गया। प्रथम दिन कस्बे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। विभिन्न प्रकार की झांकियों के साथ सैकड़ों भक्त शोभायात्रा में शामिल हुए और भगवान का जयकारा लगाया।



श्रीमद भागवत कथा का आ?ोजन 16 दिसंबर से 23 दिसंबर तक स्वामी मार्केट, हनुमान मंदिर प्रांगण लाइनपार में किया जा रहा है। कथा के मुख्य वक्ता श्री वृंदावन धाम से पधारे विपिन कृष्ण शास्त्री जी महराज भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे।

प्रथम दिन, आयोजन स्थल से राधा-कृष्ण समेत अन्य देवी-देवताओं की भव्य झांकी नगर के सदर बाजार, राम भवन चौराहा, पुरानी बाजार, लाइनपार आदि मोहल्लों में निकाली गई, जिसमें तमाम कस्बावासी शामिल हुए।समस्त कस्बावासियों के सहयोग से आयोजित इस भागवत कथा का समापन 23 दिसंबर को हवन पूजन और प्रसाद वितरण से किया जाएगा।आयोजक ने समस्त कस्बा व क्षेत्रवासियों से भागवत कथा में शामिल होने की अपील की है।

## परोपकार ईश्वर का दूसरा स्वरूपः चन्द्रप्रकाश

**सहसों।** सहसों स्थित युवा डेवलपमेंट वेलफेयर सोसाइटी का 10वां स्थापना दिवस परोपकार दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर संस्था द्वारा क्षेत्र के अत्यन्त गरीब परिवारों को शीत लहरी ठंड से बचने के लिए उलन कंबल का वितरण किया गया एवं उनके बच्चों को निःशुल्क कॉपी किताब पेंसिल तथा स्टेशनरी वितरित कर उन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश केसरवानी ने कहा कि परोपकार ईश्वर का दूसरा रूप है हर मनुष्य के अन्दर परोपकार की भावना होनी चाहिए इसी बात को आत्मसात करते हुए संस्था का दसवां स्थापना दिवस परोपकार दिवस के रूप में मनाया गया। उन्होंने कहा कि नए सत्र से ग्रामीण क्षेत्रों में निःशुल्क सिलाई, कढ़ाई प्रशिक्षण केंद्र भी संस्था द्वारा खोला जाएगा। हमारा प्रयास है कि संस्था के माध्यम से क्षेत्र में अनवरत जन सेवा के कार्य होते रहे।

# चमडों की गोदामों से उठने वाले दुर्गंध से लोग परेशान

**अखंड भारत संदेश**

**मऊआइमा।** मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों में बस्ती के बीचों बीच चमडों की बनी गोदामों से उठने वाली तेज दुर्गंध से लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार मऊआइमा नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला मौलाना और आजमपुर में बस्ती के बीचों बीच बने चमडों की गोदामों से उठाने वाली दुर्गन्ध से लोगों का घरों में रहना तथा राह चलना मुहाल हो गया है। बताते हैं कि आबादी के बीचों बीच चमडों के गोदामों से मोहल्ला वासियों और राहगिरों का रास्ते से गुजरना बहुत मुसकिल हो गया है। बताते हैं कि इन गोदामों से बारिश के दिनों में



बहने वाले दुर्गन्ध युक्त पानी बहकर सडकों एंव गलियों के रास्ते से बहता है। जिससे डायरिया, अन्य बीमारियों से लोग ग्रस्त हो जाते हैं। यही नहीं मोहल्ला मौलाना में बने चमडे के गोदाम पक्की रोड के निकट बने होने से सडकों से गुजरने वाले लोगों को प्रायः उल्टी हो जाती है। सवाल यह उठता है कि बस्ती के बीचों बीच चमडों की गोदामों को बनाने का लाइसेंस नगर पंचायत कैसे दिया? एंव इतने दिनों से बने चमडों की गोदामों को हटाने की मांग निरंतर होती रही है। परन्तु आखिर क्यों नहीं हटाया गया? प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी कुंभकर्ण की नींद सो रहा है। स्थानीय लोगों ने मऊआइमा कस्बा से चमडों की गोदामों को हटा कर बस्ती के बाहर करने की मांग शासन प्रशासन से की है।

# नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले चार अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में



**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले चार लोगो को भेजा गया जेल। पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देश पर समाज में शांति व्यवस्था कायम रखने व मादक पदार्थों के तस्करी पर रोक लगाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त यमुना नगर के निर्देशन में सहायक उपायुक्त करछना के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक नैनी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में उप निरीक्षक सुमित त्रिपाठी व उनकी पुलिस टीम को आज मुखबिर द्वारा मिली खास सूचना पर पुराने यमुना पुल के पास ईशु दरबार के सामने तिराहे के पास से नशीली दवाओं के साथ चार अभियुक्त पंकज उर्फ बंटू रावत पुत्र स्व दुर्गा प्रसाद रावत, अभिषक कुमार रावत पुत्र बजरंगलाल रावत देवेश उर्फ गोलू गुप्ता पुत्र दिनेश गुप्ता राहुल सिंह पुत्र माया राम सिंह को थाना नैनी पुलिस टीम द्वारा किया गया गिरफ्तार बरामदगी के आधार पर स्थानीय थाना पर अभियोग पंजीकृत कर करवाई की गई।

## मानक से अधिक मात्रा में गिट्टी परिवहन करने पर औद्योगिक क्षेत्र की पुलिस ने एक ट्रक को किया सीज

**अखंड भारत संदेश**

**नैनी।** थाना औद्योगिक क्षेत्र ओवरलोड वाहनों के चेकिंग के दौरान गुरुवार को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस द्वारा मानक से अधिक(ओवरलोड) परिवहन करने पर एक ट्रक को सीज किया गया।पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन में ओवरलोड परिवहन करने वाले वाहनों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में थानाध्यक्ष संजीव कुमार चौबे के नेतृत्व में उप निरीक्षक अतुल मिश्रा हेड कांस्टेबल उपेन्द्रनाथ सिंह कांस्टेबल पंचदेव द्वारा क्षेत्र में आज चेकिंग जा रही थी इस दौरान मानक से अधिक गिट्टी लादकर ले जा रहे एक ट्रक को रोका गया जब उससे ट्रक व लदे गिट्टी से जुड़े कागजात मागे गये तो उनके द्वारा कोई भी वैध प्रपत्र न दिखा पाने पर ट्रक को हिरासत में लिया गया।

## जमीनी विवाद को लेकर मार पीट में कई घायल मुकदमा दर्ज

**मऊआइम।** मऊआइमा क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मार पीट में कई घायल हुए हैं। दूसरे गांव में खेत में बोई सरसों की खेती कतिपय दबंगों ने नष्ट कर दी।पुलिस ने एक मामले में मुकदमा दर्ज किया है जबकि दूसरे मामले की जांच कर रही है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम बराडीह सिकंदरपुर निवासी महंत लाल पुत्र स्वर्गीय विश्राम का आरोप है कि जमीनी विवाद को लेकर पडोसियों ने मारे पीटे और जान से मारे की धमकी भी दी। महंतलाल ने मऊआइमा थाने में शिवबाबू ,रामबाबू ,कमलादेवी ,मोनिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। उधर ग्राम रामनगर गंसियारी निवासी लाल जी पुत्र देवतादीन का आरोप है कि वह अपनी भूमिधरी जमीन पर सरसों बोए हुए था। आरोप है कि कतिपय दबंगों ने फसल को नष्ट कर बर्बाद कर दिए। मना करने पर जान से मारने के लिए दौडा लिए। लालजी ने मऊआइमा थाने में तहरीर दी पुलिस तहरीर लेकर मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच का हुआ आयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**सहसों।** स्वामी विवेकानन्द इण्टर कॉलेज सहसों के प्रांगण में शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोटवा ऐट बनी के स्वास्थ्य अधीक्षक डॉक्टर सुनील कुमार की देखरेख में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य मंच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बच्चों को डॉक्टर आयुषी वर्मा, डॉक्टर सोनी यादव, डॉ किरण सरोज द्वारा बच्चों को यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, पोषक तत्व, नशा मुक्ति, संक्रामक बीमारी तथा घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। इस मौके पर विद्यालय के 120 छात्र-छात्राओं के हिमोग्लोबिन की जांच कर उन्हें उचित सलाह दी। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ती जय शीला सिंह, कुसुम सिंह, माधुरी शुक्ला, तारा देवी द्वारा पोषण से संबंधित गाजर, मूली, पालक आदि का स्टाल



लगाकर पोषण के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पोषण, मादक पदार्थ, घरेलू हिंसा आदि पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रुचि विश्वकर्मा प्रथम, कीर्ति मिश्रा द्वितीय, खुशी यादव तृतीय स्थान प्राप्त किया। चिकित्सक दल ने विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अरविंद कुमार, उप प्रधानाचार्य परमेश्वर मौर्य, प्रवक्ता उमेश द्विवेदी, प्रवक्ता राजबहादुर बिन्द ने भी बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर समय-समय पर स्वास्थ्य परामर्श लेने की सलाह दी। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता मानिक चंद्र ने किया। कार्यक्रम में बच्चों की चिकित्सा दल द्वारा जांच करते हुए निःशुल्क दवा भी दी गई।

## जसरा ब्लाक के जारी बाजार में पेयजल संकट

# 13 दिन से नहीं हुई पेयजल सप्लाई, जिम्मेदार मौन

**अखंड भारत संदेश**

**जारी/प्रयागराज।** बारा तहसील के अंतर्गत जारी बाजार के लोग इन दिनों पेयजल संकट से जुझ रहे हैं। हजारो की आबादी वाला जारी बाजार में पिछले 13 दिनों से पानी नसीब नहीं हुआ हैं। इसको लेकर लोग परेशान हैं।

स्थानीय लोग सोचने को मजबूर हैं कि सर्दी के मौसम में जब पानी की ज्यादा जरुरत नहीं होती। ऐसे में समय भी यह हालात हैं तो गर्मी में मौसम में क्या होगा। पेयजल संकट को लेकर लोगों में गुस्सा भी हैं कि न तो स्थानीय नेता ओर न ही अधिकारी इसको प्रयास कर रहे हैं। जिसके चलते उन्हें सर्दी के मौसम में भी पीने के लिए रुपए खर्च कर आरो का पानी मंगवाने पड़ रहे हैं।



# अफसर के घूस मांगने का वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा वायरल

## रुपए दे दो एक साल तक नहीं आएंगे...अगली बार आए तो रेट बढ़ जाएगा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में अफसर के घूम मांगने का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी सामने आया है। जिसमें दिख रहा है कि सोरांव तहसील में तैनात खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार पटेल दुकानदार से घूस मांग रहे हैं। वो धमकी कह रहे कि,₹ रुपए दे दो... हमें ऊपर भी देना होता है₹। इस पर दुकानदार अधिकारी से हाथ जोड़ रहा है। कहा रहा है कि मेरी हालत ठीक नहीं है। लेकिन लगातार उससे देने के लिए कह रहा है। इस बारे में मंत्री दयाशंकर मिश्रा दयालु (आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधी प्रशासन) ने कहा है कि दोषी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**जिसे दिए थे वो गया अब**

वीडियो में दिख रहा है कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील पटेल दुकान पर पहुंचता है। वह कहता है, चलिए लाइए.. पैसे। इस पर दुकानदार कहता है कि अरे, साहब अभी जून में ही तो दिए थे, डबल हो जाएगा। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा, जिसे दिए थे वह गया अब। जो अधिकारी नया आएगा तो उसे तो चाहिए ही। एक बार दे दो फिर एक साल तक हम दुकान पर नहीं आएंगे। अब अगली साल आएंगे तो फिर लेंगे।दुकानदार कहता है.. साहब अभी रहने दीजिए, नए साल में हम दे देंगे। इस पर अधिकारी ने कहा कि बार-बार हम थोड़े ही आएंगे। जितना देंगे आप उससे ज्यादा तो प्रयागराज से आने में मेरा पेट्रोल लग जाएगा। हम लोगों को भी ऊपर देना होता है।

**अभी नहीं दोगे तो बढ़ा देंगे रेट**

दुकानदार कहता है कि साहब, बहुत परेशान हैं अभी हम। अभी घर पर शादी थी, इसलिए पैसा बहुत खर्च हो गया है। हम नए साल में आपको दे देंगे। इस पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील पटेल कहता है‍ अभी नहीं दोगे तो हम रेट और बढ़ा देंगे, बता दे रहे हैं हम। जब दैनिक भास्कर ने रिश्वत मांग रहे खाद्य सुरक्षा अधिकारी से बातचीत की तो उसने कहा कि किसी ने हमें फंसा दिया है यह वीडियो बनाकर। हम बहुत परेशान हो गए हैं। अभी दूसरे शहर से यहां आए हैं।

## खेल से ही होता है सर्वांगीण विकासः एसडीएम बारा

**जसरा/ प्रयागराज।** श्री ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कॉलेज जसरा प्रयागराज के मैदान पर वार्षिक खेलकूद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुदन अब्दुल्लाह उपजिलाधिकारी बारा उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेलकूद शिक्षा का ही एक अंग है। इसके माध्यम से छात्र अपना पूरे विश्व में नाम रोशन कर सकते हैं। खेल समारोह में जूनियर सीनियर एवं सब जूनियर-वर्ग के लिए दौड़, गोला फेक, डिस्कस फेक, ऊंची कूद, लंबी कूद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । 1500 मीटर की दौड़ में शैलेश कुशवाहा कक्षा 12 ने बाजी मारी तो वही जूनियर वर्ग में पुनीत कुमार तथा सब जूनियर वर्ग में मोनू यादव ने स्थान बनाया। गोला फेंक की प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में सत्यम कक्षा 11 तथा जूनियर वर्ग के रवि निषाद ने स्थान बनाकर पुरस्कार जीता।

# अनूठे अंदाज में जवानों ने मनाया विजय दिवस

## प्रयागराज के संगम नोज पर सेना की ओर से हुआ आयोजन, नाव पर झंडा लेकर निकले सेना के जवान



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** विजय दिवस के मौके पर शुक्रवार को भारतीय सेना के जवानों ने अनूठे अंदाज में कई कार्यक्रम आयोजित किए। संगम नोज पर आयोजित हुए भव्य कार्यक्रम में वर्ष 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारतीय सशस्त्र बलों की जीत का जश्न मनाया गया। एक साथ सेना के जवानों ने हाथों में तिरंगा लेकर यमुना नदी में पहुंचे। नाव पर सवार जवानों ने देश भक्ति नारे भी लगाए। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत वीर नारियों और उनके बच्चों और 1971 के वेटरन्स के सम्मान के साथ हुई।

**राष्ट्रीय नायकों के बलिदानों को किया याद**

इसके बाद नौका दौड़, केंद्रीय विद्यालय स्कूल के छात्रों, एपीएस न्यू कैंट के छात्रों और एनसीसी के कैडेटों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। एक सैल पॉस्ट का आयोजन किया गया, जिसमें भारतीय सेना, एनसीसी, जल पुलिस, स्थानीय बोट क्लबों और मल्लाह समुदाय के स्थानीय लोगों ने 75 से अधिक नावों पर सवार होकर बैनरों के साथ तिरंगे में सजाये गये हमारे राष्ट्रीय नायकों के बलिदान और स्वतंत्रता से लेकर हमारी प्रमुख उपलब्धियों की दशार्या गया।कार्यक्रम का समापन आर्मी एयर डिफेंस रेजिमेंटल सेंटर, बिहार रेजिमेंटल सेंटर और 39 गोरखा प्रशिक्षण केंद्र के सैन्य बैंडों द्वारा एक शानदार और प्रशंसनीय संगीत प्रदर्शन के साथ हुआ। इसी क्रम में मिलिट्री बैंड ने शाम को चंद्रशेखर पार्क में स्थानीय जनता के लिए भी प्रदर्शन किया और यह 17 दिसंबर 2022 को संगम पर राष्ट्रीय एकता, अखंडता और कृतज्ञता का संदेश हमारी राष्ट्रीय नायकों की याद में भी प्रदर्शन करेगा।

# नहीं रहे पूर्व मंत्री विक्रमाजीत मौर्य,प्रयागराज के फाफामऊ सीट से चुने गए थे विधायक



**2022 के चुनाव में पार्टी ने नहीं दिया था टिकट**

2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विक्रमाजीत मौर्य का टिकट काट दिया था और बसपा से आए गुरु प्रसाद मौर्य को अपना प्रत्याशी बनाया था। हालांकि गुरुप्रसाद चुनाव जीतने में सफल भी रहे। विक्रमाजीत मौर्य उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के भी करीबी रहे। उनके निधन की सूचना पर केशव प्रसाद मौर्य ने शोक जताया है। उन्होंने, भाजपा के लिए अपूर्णनीय क्षति बताया है। बता दें कि कोरोना की महामारी के बीच पूर्व विधायक विक्रमाजीत मौर्य कोरोना की भी चपेट में आ गए थे। कोरोना जैसी भयावह बीमारी से लड़कर वह ठीक हो गए थे लेकिन हार्ट अटैक आने पर वह नहीं बच सके।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज ।** भाजपा के पूर्व विधायक व पूर्व मंत्री विक्रमाजीत मौर्य का गुरुवार देर रात निधन हो गया। हार्ट अटैक आने से उनकी मौत होने की पुष्टि हुई है। आज शुक्रवार को दोपहर दो बजे उनका अंतिम संस्कार प्रयागराज के रसूलाबाद घाट पर किया जाएगा।बता दें कि वह 2017 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के टिकट से फाफामऊ (प्रयागराज) की सीट से चुनाव लड़े थे और जनता ने उन्हें अपना विधायक चुना था। विक्रमाजीत पूर्व मंत्री भी रहे हैं। उनके निधन की सूचना पर उनके परिवार के साथ-साथ सगे-संबंधियों व भाजपाईयों में शोक है। श्रद्धांजलि देने के लिए बड़ी संख्या में लोग उनके आवास पर पहुंच रहे हैं।

# सदन में गूंजा इविवि की फीसवृद्धि, टीएसएल और बीपीसीएल का मुद्दा

## सांसद रीता बहुगुणा जोशी और सांसद नाबा कुमार सरन ने सदन को बताई समस्या




**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** शीतकालीन सत्र के दौरान जनपद की दो प्रमुख समस्याओं को सदन के समक्ष रखा गया है। इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के मुद्दे पर पिछले सौ दिनों से अनशनरत छात्रों की पीड़ा सदन को बताते हुए काकराझार से निर्दल सांसद नाबा कुमार सरन ने गुरुवार को लोकसभा में कहा, इलाहाबाद विश्वविद्यालय में देश-विदेश के छात्र शिक्षा ग्रहण करते हैं।यहां पर छात्र हितों को दरकिनार करते हुए फीस में 400 फीसद का इजाफा किया गया है। इसके विरोध में इविवि के छात्र पिछले सौ दिन से लगातार अनशनरत हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।सांसद नाबा कुमार सरन ने कहा, यदि इसी तरह चलता रहा तो उक्त विवि में गरीब छात्र कैसे पढ़ पाएंगे। निर्दल सांसद ने उक्त समस्या पर सदन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए छात्र हितों को तरजीह देने की गुजारिश की है। बताते चलें कि 12 दिसंबर को भी राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने सदन में इविवि की फीसवृद्धि का मुद्दा उठाया था। इमरान प्रतापगढ़ी ने की गई फीस वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की थी।बताते चलें कि अनशनरत छात्र पिछले काफी समय से इविवि की कुलपति के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इस मामले में कुलपति प्रो. संगीता श्रीवास्तव की नियुक्ति को अवैध बताते हुए विवि अनुदान आयोग का भी ध्यान आकृष्ट कराया जा चुका है।

दूसरी तरफ प्रयागराज की भाजपा सांसद रीता बहुगुणा जोशी ने औद्योगिक क्षेत्र नैनी में बंद कर दिए गए दो प्रमुख उद्योगों का मुद्दा उठाया। सांसद ने सदन में कहा, प्रयागराज के दो बड़े उद्योगों पर ताला लगा दिया गया है। इसमें एक टीएसएल और दूसरा बीपीसीएल है। सांसद ने सदन को बताया कि बीपीसीएल को बंद करने के दौरान सीसीए की अनुमति ली गई, लेकिन टीएसएल के मामले में ऐसा नहीं किया गया। अदालत के आदेश परटीएसएल में ताला लगा दिया गया और अब टीएसएल की संपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है, जबकि पिछले छह साल से टीएसएल में काम करने वाले लोग अपने बकाए (पेंशन, ग्रेच्युटी, बीमा, वेतन आदि) के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। सांसद ने सदन से कहा कि जिस प्रकार बीपीसीएल के मामले में सभी कर्मियों की देनदारियों का निस्तारण कर बीपीसीएल की संपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है, उसी प्रकार टीएसएल के कर्मचारियों के साथ किया जाए, उन्हे भी उनका बकाया देकर ही टीएसएल की संपत्तियों का निस्तारण किया जाए।

# श्रृंगार गौरी केस में अब 21 को होगी सुनवाई

## हिंदू पक्ष ने की नियमित पूजा की मांग, राम जन्म भूमि के आदेश का कोर्ट में दिया हवाला



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में शुक्रवार को भी श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा की अनुमति देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर श्रृंगार गौरी की नियमित पूजा के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट में आज हिंदू पक्ष ने राम जन्म भूमि के आदेश का हवाला दिया और नियमित पूजा की अनुमति देने की मांग की। हाईकोर्ट ने सुनवाई जारी रखते हुए आगे की बहस के लिए 21 दिसंबर की तारीख मुकर्रर की है। 21 दिसंबर को हिंदू पक्ष अपनी दलीलें देगा।

श्रृंगार गौरी केस में बुधवार को सुनवाई हुई। मुख्य रूप से हिंदू पक्ष ने दलीलें पेश की हैं। हिंदू पक्ष की तरफ से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील हरिशंकर जैन और विष्णु जैन ने बहस की। हिंदू पक्ष के वकील ने अदालत में कहा कि केस वक्फ एक्ट से बाधित नहीं है। अदालत ने हिंदू पक्ष से अपनी बहस जल्द पूरी करने को कहा है।

एक-दो दिनों में पूरी हो सकती है सुनवाई इलाहाबाद हाईकोर्ट में बुधवार को भी श्रृंगार गौरी मामले की सुनवाई हुई थी। तकरीबन 1 घंटे चली सुनवाई में हिंदू पक्ष के एडवोकेट ने दलीलें रखी थीं। हिंदू पक्ष को सुनने के बाद जस्टिस जेजे मुनीर की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई अगले दिन यानी गुरुवार को करने का फैसला किया था। गुरुवार 15 दिसंबर को सुनवाई के बाद 16 दिसंबर की डेट फिक्स की गई थी।

**इंतजामिया कमेटी ने 12 सितंबर के जिला जज के फैसले को दी है चुनौती**

वाराणसी की जिला अदालत में चल रहे श्रृंगार गौरी केस को लेकर मुस्लिम पक्ष द्वारा इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की गई याचिका पर सुनवाई हो रही है। ज्ञानवापी मस्जिद की इंतजामिया कमेटी ने 12 सितंबर को जिला जज की कोर्ट से अर्जी खारिज किए जाने के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी है। वाराणसी की अदालत में वाद दाखिल करने वाली पांचों महिलाओं समेत 10 लोगों को पक्षकार बनाया गया है। वाराणसी के जिला जज की कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष द्वारा दाखिल की गई आपत्ति को खारिज कर दिया था। जिला जज के इसी फैसले को मस्जिद कमेटी ने हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

# देश बचाओ देश बनाओ समाजवादी पद यात्रा पहुची करछना हुआ ? जोर दार स्वागत



**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** विधानसभा में समाजवादी की पद यात्रा मे शामिल रहे लोगों का करछना में जोरदार स्वागत किया गया, बता दें कि 9 अगस्त 2022 को गाजीपुर से? समाज वादी पद यात्रा मे देश बचाओ देश बनाओ की शुरूआत हुई थी । और अभी 11 जनपदों में 68 विधानसभा में 1800 किलोमीटर सफर तय कर लिया है । जो पिछले 683 दिनों से लगातार चल रहा है । इसमें संविधान को बचाने को लेकर, मँहगाई के सवाल पर, शिक्षा के सवाल पर, सरकार की कुनीतियाँ पर इन सारे मुद्दों को लेकर और सरकार ने जो वादा किया था और उसे पूरा नहीं किया । ये सब जनता को बताते हुए जनता को जागरूक कर रहे है की इसका सरकार से जवाब मांगिये । इस सब मुद्दों को लेकर सभी विधानसभा में ये यात्रा चला रहे है । ये यात्रा लखनऊ जाकर खत्म होगी । शुक्रवार को ये यात्रा बारा विधानसभा से करछना विधानसभा में आई और करछना के साधू कुटी चौराहे पर एक नुक्कड़ सभा में लोगों को भाजपा सरकार में विभिन्न बिफलताओ पर लोगों को जागरूक किया गया। इस यात्रा में शामिल प्रमुख लोगों में अभिषेक यादव , के नेतृत्व में, राघवेंद्र यादव, संदीप यादव, राजवीर यादव, अरुण यादव के सहयोग से पूर्व ब्लॉक प्रमुख करछना विजय राज सिंह राजू, सनील अहमद, राहुल सिंह पेटल, विकास सोनी, आशीष यादव, शेखर आनंद सिंह, ननकेश बाबू यादव अमित यादव, नीरेंद्र सिंह व अन्य समाजवादी साथियों के साथ शामिल रहे।

# और गांव में अराजक तत्वों ने धान के पुआल में लगाई आग



**अखंड भारत संदेश**

**मेजा रोड।** मेजा के खौर गांव मे गुरुवार रात को फिर अराजकतत्वों ने धान के पुआल मे आग लगा दी जिससे चार बीघे का पुआल जलकर राख हो गया। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया तब तक पुआल जल गया।खौर गांव निवासी शिवप्रसाद यादव ननकू गुरुवार की दोपहर घर के पास छह बीघे धान की मड़ाई करवाए और शाम करीब नौ बजे अराजकतत्वों ने पुआल में आग लगा दी, हो हल्ला पर आग बुझाने के लिए ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी और फायर ब्रिगेड को सुचना दी गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घंटों मशक्कत कर दो घंटे बाद आग पर काबू पाया तब तक करीब चार बीघे का पुआल जलकर राख हो गया। ननकू ने बताया कि पशुओं के चारा जल गया।बता दें कि अराजकतत्वों ने चौथी घटना को अंजाम दिया है जिससे गांव मे आक्रोश का माहौल है। बीते एक पखवाड़े के अन्दर अराजकतत्वों ने लालता प्रसाद प्रजापति, त्रिभुवन प्रजापति, सोहन आदिवासी व ननकू यादव के पुआल को आग के हवाले कर दिया।यह करतूत कौन कर रहा है यह पता नही है अराजकतत्वों की इस हरकत से गांव मे आक्रोश व तनाव का माहौल है।

# कुशगढ मेले के पूर्व शिंवालय प्रांगण की झाड़ियों की समाजसेवी ने कराई सफाई

**अखंड भारत संदेश**

**करछना।** करछना तहसील क्षेत्र के कुशगढ़ शिव मंदिर प्रांगण पर पूस माह के तेरस पर लगने वाले दो दिवसीय विशाल मेले की तैयारियों को लेकर समाजसेवी मां सेवा संस्थान के अध्यक्ष विनायक पंडित द्वारा कई एकड़ में फैले मेला क्षेत्रफल को जनप्रतिनिधियों से प्राचीन शिव मंदिर कुशगढ के मेले में लगने वाले भीड़ को स्वच्छ जगह उपलब्ध कराने के लिए अनुरोध किया था जिस पर किसी भी जनप्रतिनिधि ने कोई सहयोग एवं मदद नहीं की जिसको लेकर मां सेवा संस्थान के सदस्यों द्वारा शिव मंदिर प्रांगण परिसर के फैले परिसर की कई एकड़ भू-भाग पर उगी हुई कटीली झाड़ियों को साफ सफाई अभियान लगाकर एक नया रूप देने का कार्य किया जिसकी लोगों ने सराहना की बता दें ।

## ब्यापारी दुकानों में लगाये सीसीटीवी कैमरा, एसीपी योगेंद्र कुमार

**जारी/प्रयागराज।** शुक्रवार को 12 बजे जारी पुलिस चौकी परिसर में नव नियुक्त सहायक पुलिस आयुक्त योगेंद्र कुमार के नेतृत्व में ब्यापारियों की बैठक रखी गयी जिसमे , सहायक पुलिस आयुक्त ने अपना परिचय देते हुए ब्यापारियों का परिचय पूछा और ब्यापारियों की समस्याओं की जानकारी को देते हुए कहा कि अपने दुकानों की सुरक्षा के लिए ब्यापारी अपने दुकानों में सीसीटीवी कैमरा जरूर लगवाए और और रात में एक चौकीदार को गश्त के लिए रखे जिससे ठंड के समय दुकानों में चोरी ना हो सकें पुलिस संबंधित स्थानीय ब्यापारियों की जो भी समस्याएं है। हमे अवगत कराए। कौंधियारा थानाध्यक्ष वीरेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि सड़क पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण ना करें जिससे सड़क दुर्घटना की आशंका बनी रहे । जारी चौकी प्रभारी शैलेन्द्र यादव ने कहा कि स्कूल ,कॉलेज के पास मनचलो का झुंड दिखाई दे तो हमे सूचित करें। मुख्य रूप से ग्राम प्रधान जारी रेनू बिहारी जायसवाल सुबोध साहू , रामसखाअग्रहरि, कपूर अग्रहरि , मुन्ना अग्रहरि , मोती लाल कुरील , राजेन्द्र कुशवाहा , नेता अग्रहरि ,रोहन केसरवानी शिव बाबू अग्रहरी ,मोनू सोनी , पप्पू सोनी, विकास गुप्ता ,नीरज श्रीवास्तव , विनोद केसरवानी , नेता अग्रहरी , शिव भोला बिंद समेत अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

## निर्धारित समस सीमा के बाद पत्रावली प्रस्तुत किए जाने पर 11 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों का रजिस्टेशन किए गए निरस्त



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी संजय कुमार खत्री की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में पीसीपीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में 22 नए अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों के रजिस्ट्रीकरण, 6 पुराने अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों के नवीनीकरण तथा 11 अल्ट्रासाउण्ड केन्द्रों के द्वारा निर्धारित समस सीमा के बाद पत्रावली प्रस्तुत किए जाने पर निरस्त किए जाने तथा 4 नए सेंटरों के स्थान परिवर्तन का अनुमोदन जिला सलाहकार समिति के द्वारा किया गया। जिलाधिकारी ने पीसीपीएनडीटी के नोडल अधिकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अरूण तिवारी को प्रत्येक माह में अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों की रैण्डम जांच अनिवार्य रूप से कराये जाने के लिए कहा है।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा बताया गया कि अब सभी सिटी स्कैन मशीनों एवं एमआरआई मशीनों का रजिस्टेशन पीसीपीएनडीटी के तहत कराया जाना अनिवार्य हो गया है। जिलाधिकारी ने एक सप्ताह के अंदर सभी सिटी स्कैन मशीनों एवं एमआरआई मशीनों का रजिस्टेज्शन पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत अनिवार्य रूप से कराये जाने के लिए कहा है साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा है कि जो सेंटर एक सप्ताह के अंदर अपने सिटी स्कैन एवं एमआरआई मशीन का रजिस्टेशन नहीं कराते है, उनके विरूद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा है कि सभी अल्ट्रासाउण्ड सेंटरों पर योग्य एवं प्रशिक्षित चिकित्सक अनिवार्य रूप से रहे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी नानक शरन सहित सलाहकार समिति के सदस्यगण उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशांबी**

नामांतरण (दाखिल- खारिज) सूचना

**पत्रांक : 909(1)/न0 पा0परि0 मं0 2022     दिनांक 12 दिसंबर 2022**

उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1916 एवं नगर पालिका परिषद मंझनपुर द्वारा निर्मित गृह कर एवं विविध उपविधि नियमावली 2021 में वर्णित सुसंगत प्रावधानों के अंतर्गत वर्तमान नगर पालिका परिषद मंझनपुर (पूर्व नगर पंचायत) के वार्ड नंबर 2 मोहल्ला हजरतगंज के भवन /प्लाट के स्वामी श्री जलगाम हैदर रिजवी पुत्र श्री जुल्फेंकार हैदर रिजवी का नाम गिफ्ट डीड (GIFT DEED) (दिनांक 3.12.2007 ) के आधार पर उपरोक्त भवन/प्लाट के स्वामी के रूप में श्रीमती कनीज फातमा उर्फ रकाब रिजवी पत्नी श्री जरगाम हैदर रिजवी हजरतगंज मंझनपुर कौशांबी का नाम संयोजन हेतु प्रस्तावित है उपरोक्त प्रस्तावित संयोजन पर यदि किसी व्यक्ति/ समूह/ हितलाभ को कोई आपत्ति हो तो उपरोक्त प्रकाशन के 30 दिन के अंदर साक्ष्य सहित लिखित आपत्ति नगर पालिका परिषद मंझनपुर कौशांबी के कार्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उपरोक्त भवन/भूखंड में संयोजन हेतु नाम अंकित करने की कार्यवाही नियमानुसार पूर्ण कर दी जाएगी । प्राप्त आपत्ती के साथ आपत्तिकर्ता लिखित साक्ष्य द्वारा मु0 एक हजार रुपए आपत्ति शुल्क के रूप में जमा करना होगा, जो आपत्ति के सही पाए जाने पर आपत्तिकर्ता को वापस कर दी जाएगी तथा गलत आपत्ति पाए जाने की स्थिति में उपरोक्त आपत्ती शुल्क विभाग के पक्ष में जप्त कर लिया जाएगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**न0प0प0 मंझनपुर कौशांबी**

# महुली में 11.50 लाख की लागत से तालाब का होगा सौन्दर्यीकरण

## तालाब के चारों तरफ सड़क, फूल पौधे व बैठने का होगा स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व पूर्व विधायक हरिप्रताप सिंह ने शुक्रवार को चिलबिला-पट्टी राजमार्ग पर स्थित महुली वार्ड में साढे. ग्यारह लाख की लागत से सौन्दर्यीकरण होने वाले तालाब का षिलान्यास किया।

इस अवसर पर अध्यक्षा प्रेमलता सिंह ने बताया कि इस तालाब के चारों तरफ लोगों को टहलने, बैठने की व्यवस्था की जाएगी और फूल-पौधों की क्यारी तैयार की जा रही है जिससे हरियाली बनी रहे तथा तालाब में स्वच्छ पानी की व्यवस्था की जाएगी। इस क्षेत्र के लोगों के लिये घूमने, टहलने व स्वच्छ जलवायु के लिये एक अच्छा स्थल जल्दी ही बनकर तैयार हो जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह ने कहा कि नागरिकों की सुख सुविधा के लिये तालाब का सौन्दर्यीकरण कराया जा रहा है। कार्यक्रम में छट्ठी लाल, प्यारे लाल, राकेष जायसवाल, मोती लाल जायसवाल के अलावा क्षेत्रीय सभासद दीपक कुमार वैष्य, चिलबिला सभासद प्रेमा देवी, सभासद आषुतोष, ज्ञानेष मिश्रा के अलावा नगर पालिका के मिथिलेष सिंह, ओम प्रकाष शुक्ल, अनिल शुक्ला आदि मौजूद रहे। षिलान्यास कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता ज्वाला सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के प्रमुख लोग मौजूद रहे।

### नगर पालिकाध्यक्षा ने किया शिलान्यास



तालाब के सौन्दर्यीकरण का शिलान्यास करतीं नपाध्यक्षा प्रेमलता सिंह व हरिप्रताप सिंह।

### डीएम ने ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं की किया समीक्षा

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने कैम्प कार्यालय के सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों को पाइप पेयजल योजना से आच्छादित करने हेतु ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाओं के निर्माण कार्यो एवं डी0पी0आर0 स्वीकृति के सम्बन्ध में समीक्षा की। बैठक में अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा बताया गया मेसर्स जेएमसी प्रोजेक्ट इण्डिया लि0 द्वारा फेज-2 के अन्तर्गत आवंटित 455 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 364 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 202 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इसी प्रकार फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित 303 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 131 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 60 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है। इसी प्रकार फर्म मेसर्स पावर मेक प्रोजेक्ट लि0 द्वारा फेज-3 के अन्तर्गत आवंटित 1063 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 673 राजस्व ग्रामों हेतु निर्मित 307 नग डीपीआर जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा अनुमोदन प्रदान किया जा चुका है।

# शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का मानिकपुर में हुआ स्वागत

## रात्रि 8.20 बजे मानिकपुर पहुंचा शंकराचार्य का काफिला

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद बृहस्पतिवार को सुबह परमहंसी गंगा आश्रम नरसिंहपुर जबलपुर से चलकर लखनऊ जा रहे थे। बीती रात्रि 8.20 जैसे ही शंकराचार्य ऐतिहासिक धार्मिक नगरी मानिकपुर पहुंचे, स्वागत में घंटो से इंतजार कर रहे भक्तों ने पुष्प मालाएं देकर आशीर्वाद लिए। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद रथ से बाहर निकल कर सभी भक्तों का अभिवादन स्वीकार कर आशीर्वाद दिए। कार्यक्रम में सांसद कौशांबी विनोद सोनकर के मीडिया प्रभारी भूपेन्द्र पाण्डेय, कर्नाटक के जीतेंद्र स्वामी, भाजपा नेता अखिलेश द्विवेदी, मानिकपुर नगर पंचायत के भाजपा नेता आशुतोष जायसवाल उर्फ डिंपू, पूर्व प्रत्याशी अशोक जयसवाल, महेश धुरिया, योगेन्द्र नाथ मिश्र मौला, संतोष तिवारी, मोनू मिश्र, सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत करते लोग।



शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत करते लोग।

### आज होगा पेंशनर दिवस का होगा आयोजन

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि राज्य सरकार के पेंशनरों की विभिन्न समस्याओं की जनपद स्तर पर सुनवाई एवं निराकरण हेतु प्रत्येक वर्ष की भांति पेंशनर्स दिवस 17 दिसम्बर 2022 को पूर्वान्ह 11 बजे ग्राम्य विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान अफीम कोठी में आयोजित किया जायेगा जिसमें समस्त कार्यालयाध्यक्ष/कार्यालय के किसी वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी/वरिष्ठ सहायक कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे।

# अतिक्रमण के चलते परियावां रेलवे फाटक बन्द होने पर लगता है जाम

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** लवाना मार्ग से जुड़ा परियावां 33 सी रेलवे फाटक पर ट्रेन के आने व जाने के समय रेलवे फाटक बन्द होने पर दोनों तरफ अच्छा खासा दो व चार पहिया के वाहनों का जाम लग जाता है जिनका फाटक खुलने के बाद निकल पाना मुश्किल हो जाता है ट्रेन आने के दौरान फाटक बन्द होने पर कभी कभी नवाबगंज पुलिस की गाड़ी भी जाम में फस जाती है जिसका कारण रेलवे फाटक पार करने के दौरान सड़क किनारे दोनो तरफ छोटे छोटे दुकानदारों ने सड़क तक अतिक्रमण कर लिया है जिससे ग्राहक सड़क पर खड़े होकर सामान खरीदते है।

जिससे फाटक बन्द होने पर जाम लग जाता है जब कि नवाबगंज थाना प्रभारी सुधीर कुमार सड़क तक अतिक्रमण करने वाले छोटे दुकानदारों को कई बार अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दिया लेकिन थाना प्रभारी के आदेश का कोई असर नही दिखाई दिया। बता दें कि रेलवे फाटक को पार के बाद रेलवे स्टेशन को जाने वाली सड़क से भी वाहनों का आना जाना लगा रहता है जिससे फाटक बन्द होने पर अच्छा खासा जाम वाहनों के लिए मुसीबत बन जाता है। स्थानीय लोगों ने रेलवे विभाग के साथ स्थानीय नवाबगंज पुलिस से रेलवे फाटक के स्टेशन को जाने वाले तिराहे पर अतिक्रमण हटाने के लिए इस ओर ध्यान आकृष्ट कराया है इस बाबत पूछे जाने पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार ने बताया किरेलवे फाटक के आस पास सड़क किनारे अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों से खाली कराया जायेगा।

### सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में 17 दिसम्बर 2022 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील कुण्डा एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील लालगंज में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा।

# एमडीपीजी कालेज की खुशी तिवारी ने प्रतियोगिता में हासिल किया प्रथम स्थान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एमडीपीजी कालेज की छात्रा खुशी तिवारी ने मण्डलीय स्तर पर आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रोफेसर राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय, प्रयागराज में युवोत्सव 2022 के अन्तर्गत आयोजित मण्डलीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में महाविद्यालय की बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा खुशी तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

जिन्होंने सोशल मीडिया वरदान या अभिशाप विषय के पक्ष में अपना वक्तव्य दिया। साथ ही इसी विषय के विपक्ष में अपना अभिमत प्रकट करने के लिए महाविद्यालय की ही बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा सौम्या ओझा को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। भाषण प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्र अमित कुमार पाण्डेय को द्वितीय तथा क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय को कौशाम्बी के साथ तृतीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें टीम के सदस्य गार्गी कीर्ति पाण्डेय, शुभ्रा कीर्ति पाण्डेय और प्रीतम कुमार सरोज रहे। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय के सांस्कृतिक प्रभारी प्रोफेसर पीयूष कान्त शर्मा के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 मनोज मिश्र, जन सूचना अधिकारी डॉ सी एन पांडे एवं महाविद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### मण्डलीय स्तर पर आयोजित हुई प्रतियोगिता



एमडीपीजी कालेज में प्रोफेसर के बीच खुशी तिवारी।

# कालाकांकर ट्रेनिग सेन्टर में कौशाम्बी की महिलाओं को दिया गया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान कालाकांकर प्रतापगढ़ में कौशाम्बी जनपद के 48 महिलाओं को (एनआरएलएम) राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत बुक केयर का प्रशिक्षण 12 दिसम्बर 2022 से 17 दिसंबर 22 तक दिया जा रहा है।

ट्रेनिग सेन्टर आचार्य अनूप कुमार व वरिष्ठ प्रशिक्षण शैलेन्द्र सिंह सीनियर ने बताया कि दो अलग अलग कमरों में 24-24 महिलाओं को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक गणेशचंद्र बाजपेई फतेहपुर व आशाराम भारती ललितपुर झांसी (डीआरपी) प्रशिक्षण दे रहे हैं। महिलाओं को रात्रि विश्राम ट्रेनिग सेंटर से सटे हॉस्टल में दिया गया है जिनको खाने पीने रहने की समुचित सुविधा दी जा रही है। बता दें कि प्रशिक्षण के दौरान दोनो कमरे में बिजली की कोई व्यवस्था नहीं दिखाई दिया जिससे बन्द कमरे के अंधेरे में प्रशिक्षण दिया जा रहा था। एक कमरे में महिलाओं को कुर्सी व कम्बाइंड मेज पर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं तो दूसरे कमरे में महिलाओं को जमीन पर गद्दा बिछाकर उस पर बैठा कर प्रशिक्षण दिया जा रहा था इस बाबत पूछने पर आचार्य अनूप कुमार ने बताया कि मेज कम्बाइंड होने के कारण कमरा खाली नही हो सका था प्रशिक्षण जमीन पर बैठकर देने का ही प्रावधान है बिजली के बारे में बताया कि इन्वर्टर से कमरे का कनेक्शन नही हैजो बिजली चली जाने से बन्द रहता है तत्काल जगनेटर चालू कराकर प्रशिक्षण कमरों में बिजली की आपूर्ति चालू कराया। प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हो रहा है।

### कौशाम्बी जिले के 48 महिलाएं हुई शामिल



ट्रेनिग सेन्टर कालाकांकर में प्रषिक्षण में शामिल कौशाम्बी जनपद की महिलाएं

### शौच के लिए गयी किशोरी लापता, अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** शौच के लिए निकली किशोरी के संदिग्ध परिस्थिति मे लापता होने पर अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के सराय लालमती निवासी कल्लू के पुत्र रामभिलाष ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती आठ दिसंबर को उसकी नातिन रानी 15 पुत्री नंदलाल शौच के लिए घर से बाहर गयी थी। लेकिन लौट कर घर वापस नही आयी। काफी खोजबीन के बाद भी लापता किशोरी का कोई सुराग नही लग सका। पीडित ने आशंका जताई है कि अज्ञात आरोपी ने उसका अपहरण कर लिया है। पीडित की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ शुक्रवार को लालगंज कोतवाली मे अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश की जा रही है।

# नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ में श्रद्धालुओं ने किया हवन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मानधाता क्षेत्र के खुशहालगंज बाजार स्थित खुशहालेश्वरनाथ धाम में नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं श्री राम कथा में शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने हवन-पूजन किया। इसके बाद कथा व्यास पं.आचार्य विजयकांत तिवारी ने श्रीराम कथा का प्रसङ्ग सुनाते हुए शिव विवाह का वर्णन किया।

बताया कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें उनके घर पुत्री रूप में अवतार लेने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती ने हिमालय के घर अवतार लिया। जब कन्या बड़ी हुई तो पर्वतराज को उसके विवाह की चिंता होने लगी। माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन महर्षि नारद पर्वतराज के घर आए और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। उन्होंने कहा कि नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों को लेकर बारात लेकर पहुंचे तो पर्वतराज और उनके परिवार के लोग उन्हें देखकर हैरान रह गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी - खुशी भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार कर लिया। गायत्री परिवार के चंद्रिका सिंह, अरुण प्रकाश सिंह, हरकेश सिंह चैहान, प्रधान साधना सिंह, पूर्व प्रधान राधेश्याम सिंह, शिवशंकर दुबे,भीम सिंह,अनिल सिंह,पिंटू सिंह, माताफेर सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं के साथ बैठक करेंगे सांसद प्रमोद व विधायक मोना

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कांग्रेस के राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी व क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना शनिवार को पूर्वान्ह ग्यारह बजे लालगंज स्थित अपने कैम्प कार्यालय पर कार्यकताओं व समर्थकों के साथ संगठनात्मक विस्तार को लेकर बैठक करेंगे।

# गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में छात्रों को किया गया सम्मानित

## फोटो 6-गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी में मौजूद अतिथिगण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 50वीं जवाहरलाल नेहरू, विज्ञान गणित एवं पर्यावरण प्रदर्शनी 2022 का आयोजन किया गया। इस दौरान डॉ सर्वदा नंद जिला विद्यालय निरीक्षक प्रतापगढ़ के निर्देशन में मोहम्मद फहद अनीस जूनियर वर्ग में सेंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ का भूकंप रोधी अलार्म का मॉडल एवं अनूप कुमार पाल सीनियर वर्ग में पीबी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ का ऑटोमेटिक कचरा संयंत्र लोगों के आकर्षण का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि द्वारा और सभी सम्मानित अतिथियों द्वारा सराहा गया। दोनों छात्रों को प्रदर्शनी के नोडल उप शिक्षा निदेशक महोदय द्वारा विशेष रूप से मोमेंटो एवं प्रमाण पत्र के माध्यम से पुरस्कृत एवं सम्मानित किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद अनीश राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ डॉक्टर विंध्याचल सिंह एवं गाइड शिक्षक एवं प्रयागराज मंडल के टीम प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह प्रतापगढ़ पी बी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के एसपी दिवेदी सह जिला विद्यालय निरीक्षक, विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बडौदा प्रतापगढ़, गरिमा श्रीवास्तव प्रधानाचार्य एवं गीता उप प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, राजकुमार सिंह प्रधानाचार्य इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, डॉ अनूप कुमार सिंह प्रधानाचार्य पी बी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, फादर के वी आनंद जान प्रधानाचार्य सैंट एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ एवं शिक्षा विभाग की अन्य प्रधानाचार्य शिक्षकों और उच्च अधिकारियों ने छात्रों को पूरी टीम को बधाइयां दी है।

### महिला की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ धोखाधडी का मुकदमा दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। तीन के खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी का मुकदमा महिला की ओर से कोतवाली मे दर्ज कराया गया है। लालगंज के रायपुर तियांई की रहने वाली प्रीती यादव पत्नी संतोष कुमार यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि गांव के मनोज यादव ने कुछ दिनो पहले अपनी जमीन का विक्रय कर उसके नाम बैनामा किया था। महिला का आरोप है कि विक्रेता मनोज यादव ने अजीत प्रताप सिंह व अशोक मिश्र निवासी अजगरा थाना लीलापुर के साथ मिलीभगत कर उक्त जमीन का बैनामा दो बार अलग अलग लोगों को कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर मनोज यादव समेत तीनों आरोपियो के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा शुक्रवार को कोतवाली मे दर्ज किया गया है। कोतवाल कमलेश पाल ने बताया कि मामले की जांच के बाद आरोपियो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर से मिला उद्योग व्यापार मण्डल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, जिला महामंत्री संजय सोनी, उपाध्यक्ष सुरेश चंद केसरवानी, संगठन मंत्री सरदार महेन्द्र सिंह एवं मंडल के अन्य पदाधिकारियों के साथ वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर राम भुवन जी से विगत दिनों हुए सर्वे छापों व अन्य व्यापारिक समस्यायों के निराकरण के लिये मांग पत्र देकर मुलाकात की।

जिलाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार केसरवानी ने डिप्टी कमिश्नर से मुलाकात की। आज डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि अभी किसी प्रकार के सर्वे छापों की सूचना शासन से नहीं आया है, परंतु वह सभी व्यवसायी जो जीएसटी के दायरे में आते हैं, वह अपना रजिस्ट्रेशन करवा ले और विभाग द्वारा मुफ्त में जीएसटी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने यह भी बताया कि जो व्यवसायी बन्धु ऑनलाइन अथवा आधार के माध्यम से दस्तावेजों को छिपाकर व्यवसाय कर रहे हैं उनका बैंक व पैन के माध्यम से भी जानकारियां विभाग को हो रही है, इसलिए व्यवसाई बन्धु जीएसटी रजिस्ट्रेशन करा कर निर्भीक होकर व्यवसाय करें। विभागीय बातों को जानकर जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुमार केसरवानी ने डिप्टी कमिश्नर से आग्रह किया कि अभी लगभग दो वर्षों से कोरोना काल में सभी व्यवसायियों की स्थितियां नाजुक होने से व्यवसाय चैपट रहा और अभी किसी भी व्यापारी का व्यवसाय सुचारू रूप से नहीं चल रहा है। अन्त में जिलाध्यक्ष ने डिप्टी कमिश्नर से कहा कि विभाग व्यापारियों के विभागीय समस्यायों का निराकरण करें और विभाग द्वारा किसी भी व्यापारी का शोषण या उत्पीड़न ना होने पाए।

### व्यापारिक समस्याओं के निराकरण के लिये सौंपा मांग पत्र



वाणिज्य कर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन देते व्यापार मण्डल के पदाधिकारी

### स्थगन आदेश के बावजूद भी आरोपी गढ़ कर रहे हैं निर्माण

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** न्यायालय द्वारा मामला विचाराधीन होने के बावजूद भी विवादित जमीन पर जबरन आरोपी निर्माण कर रहे हैं। पीड़ित द्वारा मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। पीड़ित के संबंध में पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ को शिकायती पत्र दिया है पट्टी तहसील क्षेत्र के दशरथपुर गांव के रहने वाले माता प्रसाद पुत्र छोटेलाल ने बताया कि पट्टी तहसील दार के यहां खारिज दाखिल से संबंधित मामला विचाराधीन है। जिस पर न्यायालय ने रोक लगाई है लेकिन कुंकुवार गांव के रहने वाले कुछ आरोपी जबरन उस जमीन पर निर्माण कर रहे हैं, रोके जाने पर जान से मारने की धमकी देते हैं। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर मामले में इंसाफ की गुहार लगाई है।

# बाल कहानी संग्रह साइंस-वाइंस का हुआ विमोचन

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सराय आनादेव के प्रांगण में प्र०प्रधानाध्यापक अनिल कुमार निलय की तृतीय बाल कहानी संग्रह साइंस-वाइंस का विमोचन समारोह आयोजित किया गया। साइंस-वाइंस में 18 विज्ञान केन्द्रित बाल कहानियाँ संकलित हैं।

इससे पूर्व अनिल कुमार निलय के दो बाल कहानी संग्रह लॉकडाउन पॉजिटिव एवं स्टूडेंटनामा प्रकाशित हो चुके हैं। दोनों को हिन्दुस्तानी एकेडेमी उत्तर प्रदेश प्रयागराज द्वारा युवा लेखन सम्मान राज्य पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी रोशनलाल ऊमरवैश्य ने कहा कि साइंस-वाइंस शैक्षिक नवाचार का एक बेहतरीन उदाहरण है।विज्ञान और साहित्य का बेहतरीन संयोजन है अनिल कुमार निलय की कृति साइंस-वाइंस। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि साइंस-वाइंस विज्ञान के गूढ़ सिद्धांतों की सरल एवं बोधगम्य बाल कहानियों का अनूठा कालजयी संग्रह है। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में वार्षिक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें ऋषभ सिंह, अलका श्रीवास्तव, गार्गी सिंह, सानिया, आरती, दिब्यांशी, विजय लक्ष्मी, शौर्य प्रताप, सौरभ, राघवेन्द्र आदि विज्ञान, खेल-कूद, सड़क सुरक्षा एवं अन्य प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रशस्ति पत्र,मेडल एवं ट्राफी देकर सम्मानित किया गया। अनिल कुमार निलय द्वारा सभी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर रामधन यादव, सुनील कुमार, संतोष कुमार, विजय कुमार, विकास हमराही, विवेक आदि मौजूद रहे।

# मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने राकेश जयसवाल

## महामंत्री लक्ष्मी कांत त्रिपाठी कोषाध्यक्ष रामसागर द्विवेदी संयुक्त मंत्री प्रशासन सूर्य प्रकाश द्विवेदी जीते

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन कौशांबी का चुनाव सकुशल का तरीके से संपन्न हो गया है।

बार एसोसिएशन में 864 अधिवक्ताओं में 810 अधिवक्ताओं ने मतदान किया एल्डर कमेटी की देखरेख में संपन्न हुए मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव के परिणाम के बाद एडवोकेट राकेश जयसवाल को 354 मत मिले हैं उनके प्रतिद्वंदी दिलीप पांडेय को 283 मत मिले है दिलीप पांडेय को पराजित कर राकेश जयसवाल 71 मतों से विजई घोषित किए गए हैं पूर्व अध्यक्ष देव शरण त्रिपाठी 162 मत पाकर तीसरे स्थान पर रहे 11 मत अनबैलेंड घोषित किए गए हैं महामंत्री के पद पर लक्ष्मीकांत त्रिपाठी विजई घोषित हुए हैं कोषाध्यक्ष पद पर रामसागर द्विवेदी संयुक्त मंत्री प्रशासन के पद पर सूर्य प्रकाश द्विवेदी विजई घोषित किए गए हैं।



अध्यक्ष राकेश जयसवाल का स्वागत करते समर्थक।



महामंत्री लक्ष्मीकांत त्रिपाठी का स्वागत करते समर्थक।

मॉडल डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अन्य पदों पर प्रत्याशी पूर्व में निर्विरोध घोषित हो चुके हैं चुनाव परिणाम की घोषणा होने के बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष राकेश जयसवाल समेत अन्य विजई प्रत्याशियों के समर्थकों में जश्न का माहौल रहा समर्थकों ने माल्यार्पण कर जीते लोगों को जोरदार तरीके से स्वागत किया है।

## गृह स्वामी को लहूलुहान कर लाखों का सामान उठा ले गए चोर

**कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के चंपहा ग्राम पंचायत के मजरा बरौली गांव में 15 दिसंबर की रात्रि चोर दुर्गेश कुमार पुत्र रोशन लाल के घर में घुसे उस घर में दुर्गेश कुमार की माता और भयाऊ सो रही थी चोर के आने की आहट पाकर माता और भयाहू जाग गयी और उन्होंने शोरगुल मचाया जिस पर दूसरे घर में सो रहे दुर्गेश कुमार जाग गए और माता के घर पहुंचे और चोरों को ललकारा जहां घर के भीतर घुसे चोरों ने दुर्गेश के सिर में प्रहार कर दिया जिससे दुर्गेश लहूलुहान हो गए मौका पाकर चोरों ने घर में रखा लगभग 25 तोला चांदी का जेवर सोने के लाकेट 10 हजार रुपए नगद व अन्य सामान लेकर फरार हो गए हैं हो हल्ला सुनकर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है मामले की सूचना परिजनों ने स्थानीय थाना पुलिस को दिया है।

# धंसी सड़क के किनारे हुए जान लेवा गड्ढे

## गड्ढे बचाने में चोटिल होते हैं राहगीर जिम्मेदार कर रहे हैं बड़े हादसे का इंतजार

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा से टाण्डा अलीपुर जीता सम्पर्क मार्ग में टाण्डा पुल के पास दोनों तरफ सड़क धंस गयी है सड़क किनारे बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे हो गए हैं यह सम्पर्क मार्ग लोकनिर्माण विभाग द्वारा विगत वर्षों करोड़ों रुपये की लागत से बनाया गया था सम्बंधित विभाग ने मानक विहीन सड़क का निर्माण किया जिससे सड़क जगह जगह धंस गयी सड़क किनारे बड़े बड़े गड्ढे हो गए जिससे आये दिन लोग गिरकर चुटहिल हो रहे हैं इन गड्ढों की वजह से तमाम दुर्घटनाएं हो चुकी हैं 2 दिन पहले बोलेरो सवार मोटरसाइकिल को साइड देने के चक्कर मे बड़े से गड्ढे में वाहन सहित गिर गया जिससे गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई और वाहन सवार घायल हो गए । इस सड़क में ऐसी घटनाएं आम बात हो गयी क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए सड़क निर्माण और गड्ढों से निजात दिलाने की मांग के साथ-साथ घटिया निर्माण करने वाले विभागीय अधिकारियों और ठेकेदारों के कारनामों की जांच कर उन्हें दंडित करने की मांग की है।



सड़क के गड्ढे फोटो सभी लगा लीजिएगा ज्यादा होने पर छोटी कर लीजिएगा।

## चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमे यातायात नियमों का उल्लघन करने वाले 65 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही में 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में थाना करारी से दो थाना चरवा से दो थाना कोखराज से एक थाना सैनी से सात कुल 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया।



## वर्षों से ट्रैक्टर ट्राली पर लदा ट्रांसफार्मर, नष्ट हो रही ट्राली,जिम्मेदार बने मूकदर्शक

**अखंड भारत संदेश**

**अझुवा कौशाम्बी।** नगर पंचायत अझुवा वार्ड नं 4 मढ़िया मई रसूलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के बगल में वर्षों से ट्रैक्टर ट्राली पर ट्रांसफार्मर लदा खड़ा है जबकि बिगड़ा ट्रांसफार्मर ठीहा में रखा है जिसे नगर पंचायत के जिम्मेदार प्रतिदिन आते जाते देखते हैं फिर भी उनकी नजर नही पड़ रही है जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते लाखों रुपये की ट्रैक्टर ट्राली टायर सहित नष्ट हो रही है। यूं तो आदर्श नगर पंचायत अझुवा में बीते वर्षों से भ्रस्टाचार लूट खसोट ,लापरवाही की बयार चली है समस्याओं का अम्बार लगा हो किंतु जिम्मेदारों ने अपनी तिजोरी भरने में कोर कसर नही छोड़ी है इस दौरान सरकारी धन का मन से अपव्यय किया गया चाहे जेम पोर्टल द्वारा खरीदे गए कूड़ा वाहन, तिपहिया कूड़ा वाहन हों जो नगर पंचायत के पानी टंकी प्रांगड़ में जंग खा रहे हैं या ट्रैक्टर ट्राली में रखे ट्रांसफार्मर का मामला हो लेकिन हर मामले में नगर पंचायत के जिम्मेदार मूकदर्शक बनकर तिजोरी भरने में लगे हैं।

# अफसरों की मेहरबानी पर एलईडी खरीद में करोड़ों का घोटाला

## 500 रुपए की लोकल एलईडी खरीद कर 3850 रुपए के लगाए जा रहे बिल

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** ग्राम पंचायतों में प्रकाश करने के मकसद से एलईडी खरीद कर लगाए जाने का निर्देश मिलने के बाद अफसरों की बांछें खिल गई है और जिला पंचायत राज अधिकारी के निर्देश पर गांव गांव एलईडी लाइट लगाई जा रही है खुले बाजार में 500 की बिकने वाली लोकल घटिया क्वालिटी की एलईडी खरीद कर गांव-गांव में लगाए जा रहे हैं जबकि एलईडी के भुगतान के नाम पर 3850 रुपए प्रति एलईडी के नाम पर भुगतान किए जा रहे हैं सूत्रों की माने तो एलईडी लाइट खरीद के नाम पर जिले में करोड़ों रुपए के घोटाले को अंजाम देने में जिम्मेदार सफल हो चुके हैं एलईडी घोटाले की हकीकत देखने के लिए जब सिराथू विकासखंड क्षेत्र के कादीपुर बड़नपुर इचौली ग्राम पंचायत के ग्रामीणों से बात की गई तो लोगों ने बताया कि गांव में प्रकाश पहुंचाने के उद्देश्य से 60 एलईडी लाइट लगाई गई है और प्रत्येक एलईडी लाइट के नाम पर 3850 रुपए सरकारी खजाने से भुगतान किया गया है जबकि ग्रामीणों का कहना है कि गांव में जो एलईडी लगाई गई है उसकी कीमत खुले बाजार में 500 रुपए है तमाम ग्राम पंचायतों में एलईडी लाइट लगाते ही खराब हो चुकी है जिससे सरकार की प्रकाश योजना फेल हो चुकी है आखिर पूरे जिले के ग्राम पंचायतों में एलईडी खरीद के नाम पर बेखौफ तरीके से हो रहे इस घोटाले के मामले में सभी एडीओ पंचायत सभी खंड विकास अधिकारी और जिला पंचायत राज अधिकारी ने अभी तक मामले को संज्ञान क्यों नहीं लिया है जिससे अधिकारियों की निष्ठा पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

वर्षो पहले गांव गांव पंचायत सचिवालय को कंप्यूटर से लैस करने की योजना आई थी कंप्यूटर योजना में भी पूरे जिले में 10 करोड़ रुपए लगभग की रकम सरकारी खजाने से निकाली गई है लेकिन योजना सफल होती नहीं दिख रही है इस योजना में भी ग्राम पंचायतों के माध्यम से करोड़ों का घोटाला करने में पंचायत विभाग के अधिकारी सफल हो चुके हैं जिले के 90% ग्राम पंचायतों में कंप्यूटर योजना सफल नहीं हो सकी है आखिर ग्राम पंचायत के माध्यम से बड़े-बड़े घोटाले को अंजाम देने वाले जिला पंचायत राज अधिकारी के कारनामों पर पंचायती राज मंत्री से लेकर मुख्यमंत्री को अभी तक मामले की जानकारी विभागीय अधिकारियों ने नहीं दी है जिससे मुख्यमंत्री ने मामले को संज्ञान लेकर प्रकरण की जांच नहीं कराई है यदि मुख्यमंत्री ने एलईडी घोटाला और कंप्यूटर घोटाले की जांच कराई तो जिला पंचायत राज अधिकारी के साथ समस्त खंड विकास अधिकारी और समस्त एडीओ पंचायत का निलंबन होना इन पर मुकदमा दर्ज होना और इनकी गिरफ्तारी होना निश्चित है लेकिन क्या योगीराज में एलईडी घोटाला और कंप्यूटर घोटाले की उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच हो पाएगी।

# अभियुक्त को सुनाई गई 20 वर्ष कारावास की सजा

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी क्षेत्र में 04 जून 2021 को नाबालिग से दुष्कर्म के सम्बन्ध में पाक्सो एक्ट व 3(2)5.3(1) एससी/एसटी एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था जिसके अभियुक्त रामपाल यादव पुत्र इन्द्रपाल यादव निवासी जाठी थाना को न्यायालय एडीजे-07 द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर गम्भीर एव जघन्य अपराधों में पैरवी कर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभावी परवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से 20 वर्ष कारावास तथा 31 हजार रुपए के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया।

# विद्युत अवर अभियंता को ताश के पत्ते की तरह फेटे जाते जाने की है जरूरत

## विद्युत विभाग के अधिकारी भी पूरे समय अपने अधीनस्थों की गुलामी करते देखे जाते हैं

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** विद्युत पावर हाउस में लंबे समय से तैनात विद्युत अवर अभियंता मठाधीश बन गए हैं और विद्युत उपभोक्ताओं का शोषण कर अवैध धनादोहन में मस्त हैं जिले में तीन विद्युत अवर अभियंता ऐसे हैं जिन्होंने कुछ वर्षों में करोड़ों की अकूत संपत्ति अर्जित की है अकूत संपत्ति अर्जित करने वाले अवर अभियंताओं के भ्रष्टाचार की जांच कराकर निलम्बित किए जाने की जरूरत है लेकिन अभी तक विभागीय अधिकारियों से लेकर आला अधिकारियों तक ने भ्रष्टाचार में लिप्त अवर अभियंता विद्युत की जांच कराकर इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करा कर इन्हें दंडित नहीं किया है जिससे योगी सरकार की भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

गौरतलब है कि विद्युत विभाग कौशाम्बी में स्थानांतरण नीति पूरी तरह से फेल हो चुकी है पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी स्थानांतरण के मामले में लापरवाह बना हुआ है भ्रष्टाचार में लिप्त अवर अभियंता विद्युत के कारनामों को कई वर्षों बीत जाने के बाद अधीक्षण अभियंता और मुख्य अभियंता ने भी संज्ञान लेकर इन्हें दंडित नहीं किया है जिससे उनकी भी निष्ठा पर तमाम सवाल खड़े हो रहे हैं जिले में तैनात विद्युत विभाग के अधिकारी भी पूरे समय अपने अधीनस्थों की गुलामी करते देखे जाते हैं और अधीनस्थ विद्युत उपभोक्ताओं के यहां फर्जी जांच और चेकिंग के नाम पर पूरे दिन धना दोहन करते हैं जिले के कुछ विद्युत पावर हाउस में 4 वर्षों से भी अवर अभियंता जमे हैं जिनका स्थानांतरण करने के लिए अधिकारी भूल गए हैं सूत्रों की मानें तो लंबे समय से जमे अवर अभियंता विद्युत लाखों रुपए प्रतिदिन की अवैध वसूली में लिप्त हैं लेकिन प्रतिदिन लाखों की अवैध वसूली में लिप्त अवर अभियंता के कारनामे को संज्ञान लेकर उन पर कठोर कार्यवाही करने के बजाय विभागीय अधिकारी भी उन पर मेहरबानी बनाए हुए हैं जिससे जिले के विद्युत उपभोक्ता त्रस्त हैं।

## गाय के शव को नोच रहे कुत्ते

### गौशाला की अव्यवस्था के चलते पशुओं की हुई दुर्दशा

**अखंड भारत संदेश**



गौशाला में मृत पड़े पशु।

कौशांबी। चायल तहसील क्षेत्र के विकासखंड नेवादा अंतर्गत ग्राम पंचायत बरियावा गौशाला दुर्दशा का शिकार है यहां पशुओं को भरपेट चारा नहीं मिल पाता है जिससे दिनोंदिन पशु बीमार और कमजोर होते हैं और अंततः उनकी मौत हो जाती है इलाज में भी पशु चिकित्सक लापरवाही बरत रहे हैं जिससे पशुओं का इलाज नहीं हो पाता पशुओं की मौत होने के बाद उनके शव को दफनाने में भी गौ संरक्षण केंद्र में हीला हवाली होती है मरे पशुओं के शव को गौ संरक्षण केंद्र में कुत्ते नोच कर खा रहे हैं जिससे स्थिति बड़ी खराब दिखाई पड़ रही है गौ संरक्षण केंद्र के संचालन के नाम पर बड़ा बजट होने के बाद भी सबकुछ भ्रष्टाचार धांधली की भेंट चढ़ चुका है ग्रामीणों ने गौ संरक्षण केंद्र की अव्यवस्था की ओर डीएम कमिश्नर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए व्यवस्था के जिम्मेदारों पर कार्यवाही की मांग की है।

# कैशलेश बीमा योजना के विरोध में गरजे शिक्षक

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के ज्ञापन कार्यक्रम में उमड़ा शिक्षकों का सैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कौशाम्बी की जनपदीय इकाई ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के क्रम में परिषदीय शिक्षकों के लिए सचिव बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा जारी सशुल्क चिकित्सा बीमा का आदेश निरस्त कर शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा का लाभ दिए जाने के सम्बंध में मुख्यमंत्री को सम्बोधित एक मांगपत्र शुक्रवार को जिला संयोजक ओम दत्त त्रिपाठी के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सौंपा गया जिलाध्यक्ष ने बताया कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ उत्तर प्रदेश लगातार शिक्षक समाज के हित में पुरानी पेंशन, कैशलेस चिकित्सा सुविधा, पदोन्नति, स्थानांतरण सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दे मुख्यमंत्री के समक्ष उठाता रहा है। लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार बनने पर उनके कार्यालय द्वारा दिनाँक 21 अप्रैल 2022 को तथा बेसिक



कमेटी के पास खड़ा अखाड़ा पहलवान।

शिक्षा मंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा दिनांक 24 अप्रैल 2022 को शिक्षकों को 100 दिन में कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने संबंधी ट्वीट किया गया था। किंतु शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने के निर्देश की बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी जानबूझकर अवहेलना कर रहे हैं और मुख्यमंत्री के निर्देश के सात माह बाद बीमा कंपनियों के एजेंट बन शिक्षकों को सशुल्क स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी दिलवाने के प्रयास में हैं। इसी क्रम में सचिव, उड्डप्रङ्ग बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा सशुल्क चिकित्सा बीमा का आदेश पत्रांक बे0शि0प0/27624-777/2022-23 दिनाँक 07-12-2022 को जारी किया गया है। इससे प्रदेश के समस्त शिक्षक आक्रोशित है और अपने को ठगा महसूस कर रहे हैं।उन्होंने मुख्यमंत्री से सचिव बेसिक शिक्षा परिषद के सशुल्क चिकित्सा बीमा के आदेश को निरस्त कर परिषदीय शिक्षकों के सम्मान व हित को ध्यान में रखते हुए शिक्षकों को भी राज्य कर्मचारियों की भाँति कैशलेस चिकित्सा सुविधा दिए जाने की मांग की है।इस अवसर पर मायापति त्रिपाठी,भूपेंद्र सिंह,दिलीप त्रिगुणायत,राजीव निर्मल,सीमा मिश्रा,आकांक्षा वर्मा,मदन यादव,नितिन यादव,दीपक सिंह पटेल,अजय सिंह,त्रिभुवन सिंह,अवनीश मिश्र,शेष कुमार,शाहिद अली,प्रभाकर प्रसाद,मिथलेश गुप्ता,कौशल कुमार,राजू केसरवानी, बालचंद्र,रघुनाथ द्विवेदी सहित भारी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएँ मौजूद रहे।

# रोचक कुश्ती के साथ दो दिवसीय मेले का हुआ समापन

## अखाड़ा चैंपियन बने साकिर पहलवान को पुरस्कार देकर बढ़ाया गया उनका हौसला

**अखंड भारत संदेश**

**करारी कौशाम्बी।** करारी क्षेत्र के बराई बन्धवा गांव में बीते कई वर्षों से पूर्व ग्राम प्रधान खालिक अहमद उर्फ निक्के के सहयोग से दो दिवसीय मेला और विशाल दंगल का आयोजन किया जाता है इस मेले में दूर-दूर के पहलवान कुश्ती लड़ने आते हैं विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी 14 और 15 दिसंबर को दो दिवसीय मेले और दंगल का आयोजन पूर्व ग्राम प्रधान के नेतृत्व में आयोजित किया गया जहां ग्रामीण क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष बूढ़े बच्चो ने मेले का लुफ्त उठाया



कमेटी के पास खड़ा अखाड़ा पहलवान।

मेले में खाने पीने के सामानों की दुकानों के साथ-साथ कॉस्मेटिक श्रृंगार के सामान सहित विभिन्न दुकानों से बाजार सजी रही जिनमें ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने जमकर खरीददारी की मेलो के आयोजन में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस भी लगातार मेले परिसर में मौजूद रही दो दिवसीय दंगल में प्रदेश के कोने-कोने से आए पहलवानों ने कुश्ती लड़ी अखाड़ा चैंपियन साकिर पहलवान बने जिन्हें माल्यार्पण कर पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

दंगल के दौरान चैंपियन आकाश पहलवान सुजातपुर बमरौली साकिर पहलवान मेरठ गोपाल पहलवान महुवा गांव आकाश पहलवान सुजातपुर बमरौली समीर पहलवान अलीगढ़ राजेश पहलवान टेवा अशोक पहलवान बांदा महिला पहलवान वैशाली सुजीत पहलवान सय्यद राजीपुर पवन प्रतापगढ़ फयाज समरो परकाश चित्रकूट आदि की कुश्ती बड़ी रोचक रही दंगल के समापन पर बिजई पहलवानों को माल्यार्पण किया गया और उन्हें हजारों रुपए का नगद पुरस्कार दे कर उनका हौसला अफजाई किया गया।

# बिहार के सीतामढ़ी का मैजिक चालक सड़क हादसे में घायल

## कोखराज थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर चालक ने मैजिक को मारी जोरदार टक्कर

**अखंड भारत संदेश**

**टेढ़ी मोड़ कौशांबी।** दिल्ली से मिजार्पुर के लिए जा रही मैजिक जैसे ही कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे दूधनाथ होटल के पास पहुंची सामने से आ रहे मिट्टी से भरा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर मैजिक से जोरदार टक्कर के साथ टकरा गया जिससे मैजिक चालक को गंभीर चोट लग गयी मैजिक को टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया सूचना पर पहुंची हल्का पुलिस ने घायल मैजिक चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। जानकारी के मुताबिक बिहार प्रांत के सीतामढ़ी निवासी विशाल मिश्रा उम्र 30 वर्ष पुत्र शत्रुघ्न मिश्रा मैजिक चालक है मैजिक में दिल्ली से सामान लादकर विशाल मिश्रा शुक्रवार को मिजार्पुर जा रहे थे जैसे ही मैजिक चालक विशाल मिश्रा कोखराज थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे दूधनाथ ढाबा के पास पहुंचे अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने मैजिक को जोरदार टक्कर मार दी है जिससे मैजिक चालक विशाल मिश्रा घायल हो गए हैं हादसे की जानकारी मिलने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल मैजिक चालक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और हादसे की जानकारी मैजिक चालक के परिजनों को दे दी है।

## देववाणी संस्कृत के उन्नयन हेतु प्रतियोगिता का द्वितीय चरण सम्पन्न।

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मंझनपुर में भाषाओं की जननी संस्कृत के उन्नयन एवं उत्थान हेतु उप शिक्षा निदेशक अनिल कुमार के निर्देशन एवं डाइट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र के संयोजन में टी0एल0एम0 प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन किया गया। जिसमें संस्कृत विषय के विभिन्न प्रकरणों को आधार बनाकर प्रतिभागियों द्वारा अनेक नवाचारी टी0एल0एम0 बनाये गए। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य संस्कृत भाषा के प्रति लोगो के मन में आधुनिकता का भाव जगाने का रहा। डाइट प्रचार्य ने प्रतियोगिता के आरंभ में बताया कि संस्कृत देव भाषा है और भारतीयता की पहचान है। हमारे देश की अनुपम धरोहर संस्कृत ने सम्पूर्ण विश्व मे अपनी अलग पहचान स्थापित की है अनेकानेक शास्त्र वेद, पुराण सब संस्कृत भाषा मे विरचित हैं। हमें बचपन से ही संस्कृत भाषा का अध्ययन करना चाहिए जिससे हम अपनी संस्कृति को भली भांति समझ सकें। डाइट प्रवक्ता कौशलेंद्र मिश्र ने बताया कि प्रतियोगिता चार चरणों मे आयोजित की जाएगी और आज प्रतियोगिता का प्रथम चरण था। चारो चरणों मे पूर्ण होने पर प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया जाएगा।

# कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भरवारी में आयोजित होगा जिला विज्ञान प्रदर्शनी

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भरवारी में किया जाएगा जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका इंटर कॉलेज भरवारी को जिला विज्ञान प्रदर्शनी आयोजित करने का निर्देश दिया है इस प्रदर्शनी में राजकीय अशासकीय सहायता प्राप्त वित्त विहीन मान्यता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय कौशाम्बी के छात्र छात्राएं सम्मिलित होगी। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक छात्र छात्राओं की जिला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन नोडल विद्यालय कस्तूरबा गांधी कन्या इण्टर कालेज भरवारी में दिनांक 28 दिसम्बर को प्रातः 10.00 बजे किया जाना सुनिश्चित किया गया है। विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद के समस्त विद्यालयों से न्यूनतम एक सीनियर वर्ग (कक्षा 11, 12 ) तथा एक जूनियर वर्ग (कक्षा 9, 10) के छात्र/छात्राओं द्वारा मॉडल प्रस्तुत किया जाना प्रस्तावित है। दोनो वर्गों में 08-08 मॉडलों का चयन किया जायेगा। विज्ञान प्रदर्शनी के विषय में पर्यावरण सम्बन्धी मुद्दे जलवायु परिवर्तन के कारण एवं परिणाम एव जैव विविधता संरक्षण एवं सुगमता एव मानव कल्याण में जीवन विज्ञान एव वैकल्पिक ऊर्जा हरित ऊर्जा या जैव ऊर्जा हाइड्रो कार्बन ऊजा का विकल्प के साथ सूचना संचार एवं परिवहन प्रौद्योगिकी और गणित भौतिक विज्ञान और खेल में विज्ञान प्रदर्शनी में सम्मिलित छात्र छात्राओं एवं विज्ञान शिक्षक के स्वल्पाहार तथा भोजन की व्यवस्था आयोजक विद्यालय द्वारा की जायेगी तथा प्रतिभागी छात्र/छात्राओं के चयनित मॉडल दोनो वर्ग में प्रथम को चार हजार रूपया, द्वितीय को तीन हजार रूपया तथा तृतीय हो हजार रूपया और पांच सात्वना पुरस्कार 500 रूपया प्रति मॉडल की नकद धनराशि से पुरस्कृत किया जायेगा।

# भगवान पार्श्वनाथः पुरुषार्थ से भाग्य बदलने का सूत्र दिया

## संपादकीय

## खिलौनों की जिंदगी

**भजनखबरी** उस अपार्टमेंट क सेक्रेटरी था। एक दिन शाम को अपार्टमेंट की महिलाओं की बैठक हुई। भजनखबरी मुख्य अतिथि था। उसने प्रधानमंत्री के मन की बात में सुनाए गए खिलौनों का पूरा किस्सा सुना डाला। बोलने का ढंग इतना बढ़िया था कि महिलाओं को लगा जैसे भजनखबरी के ये खुद के विचार हैं। इस पर महिलाओं ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम जल्द से जल्द खिलौनों का उत्सव मनाने की तैयारी करेंगे। केवल आप हमें यह बता दीजिए कि मुख्य अतिथि के रूप में किसे बुलाने वाले हैं? भजनखबरी ने प्रत्युत्तर में कहा - ह्यऔर किसे साक्षात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बुला रहा हूँ। वे ऑनलाइन में हमें संबोधित करेंगे। उन्हें मनाने की जिम्मेदारी मेरी है। यह जिम्मा मुझ पर छोड़ दीजिए। अपार्टमेंट का सेल्लार खाली किया गया। साफ-सफाई की गई। रंग पुताई का काम जोर-शोर से हुआ। सभी महिलाओं ने अपने-अपने घरों से खिलौने ले आए। उन्हें सेल्लार में सजाया। वरिष्ठतम महिलाओं की भागीदारी देखते ही बनती थी। नवविवाहिताओं के लिए यह कोई मनोरंजक कार्यक्रम से कम न था। अब मोदी जी मुख्य अतिथि के रूप में आने वाले हैं तो इतना तो कार्यक्रम करना बनता ही है! इस कार्यक्रम बड़े-बड़े नेता, पुलिस अधिकारी सभी आने वाले थे। कम्युनिस्टों और नागरिक अधिकार संघों को सख्त निर्देश देते हुए आने से मना कर दिया गया था। अगले दिन सुबह कार्यक्रम था। भजनखबरी फुलफार्म में था। अपार्टमेंट तक पहुँचने वाली सड़क केसरिया ध्वजों से भरे पड़े थे। यह देख कुछ लोगों का लगा कि कोई बाबाजी आने वाले हैं। इससे अपार्टमेंट के पास भक्तों की भीड़ और बढ़ गई। लेकिन उन्हें लगा कि अभी से यहाँ ठहरना बेकार है, इसलिए प्रसाद बाँटने के समय हाजिर होने का निर्णय लेकर वहाँ से चले गए। अपार्टमेंट के बाहर आम, नारिरयल और केले के पत्तों से स्वागत तोरण बनाया गया। आश्चर्य की बात यह थी कि किसी ने यह समाचार छुटकर दुकानदारों के कानों में डाल दी। फिर क्या था, अपार्टमेंट के पास फूल, नारियल, अगरबत्ती की दुकानें खुल गयीं। बिक्री भी जोर-शोर से होने लगी। जैसे-तैसे यह समाचार मीडिया वालों तक पहुंच गयी। उनकी सक्रियता देखते ही बनती थी। सभी ने कहा कि इस बार भजनखबरी को टिकट दिया जाता है तो भारी बहुमत से जीतकर संसद की शोभा बढ़ायेंगे। कार्यक्रम आरंभ होने से पहले सभी महिलाओं को सेल्लार में बुलाया गया। भजनखबरी ने सबकी क्षमताओं के अनुसार जैसे कानाफूसी करने वाली महिलाओं को मीडिया तक समाचार पहुँचाने, जोर-शोर से झगड़ा करने वाली महिलाओं को प्रवक्ता के रूप में और जिनकी मुस्कान मात्र से सामने वाला सम्मोहित हो जाता हो उन्हें स्वागत मार्ग पर खड़ा कर दिया गया। काफी सजग रहने वाले भजनखबरी ने एक से दो बार तैयारी का जायजा लिया। तभी उसे याद आया कि कार्यक्रम तो खिलौनों का है और वह खिलौनों की जाँच करना ही भूल गया। उसने खिलौनों पर ढका कपड़ा हटाकर देखा। देखते ही उसकी आँखें फटी की फटी रह गई।

उसने देखा उसमें स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं के नमूने है, उसमें भी विशेषकर गांधी, नेहरू आदि की। उसका गुस्सा सातवें आसमान पर था।

## पहले प्रयास में नीट 2023 कैसे क्रैक करें

विजय गर्ग

**नीट** यु जी के उम्मीदवारों को परीक्षा में अपना सर्वश्रेष्ठ शॉट देने के लिए पहले प्रयास में नीट को क्रैक करने की रणनीति तैयार करनी चाहिए। नीट 2023 , 7 मई 2023 को आयोजित किया जाएगा, परीक्षा में बैठने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे पहले प्रयास में ही नीट यूजी क्वालीफाई कर लें। यदि हम पिछले वर्ष के रुझानों को देखें तो शायद ही कोई ऐसा टॉपर होगा जो पहली बार न आया हो। इसका कारण यह है कि नीट यूजी पाठ्यक्रम भौतिकी, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान के कक्षा 11 और 12 के पाठ्यक्रम के समान है। पहले प्रयास में नीट 2023 की तैयारी कैसे करें इससे उम्मीदवारों को मदद मिलती है क्योंकि वे बोर्ड परीक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए एक साथ अध्ययन करते हैं। नीट के टॉपर्स अगले सत्र की परीक्षा से बचने के बजाय स्मार्ट तरीके से तैयारी तेज करने में विश्वास रखते हैं।

**एक समय सारिणी तैयार करें:** किसी परीक्षा की तैयारी शुरू करते समय, पहला कदम एक समय सारिणी तैयार करना होना चाहिए जो उम्मीदवारों को आपके समय की विषय-वार या विषय-वार योजना बनाने में मदद करेगी। उम्मीदवारों द्वारा यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि समय सारिणी का धार्मिक रूप से पालन किया जाए। समय सारिणी को उन विषयों को कवर करने के लिए तैयार किया जाना चाहिए जिन्हें कई बार संशोधित किया जा सकता है। यह रणनीति उम्मीदवारों को आगामी महीनों में उनके शेड्यूल की स्पष्ट तस्वीर प्रदान करेगी और पहले प्रयास में नीट 2023 को क्रैक करने में मदद करेगी।

**समय सीमा निर्धारित करें-** नीट के पहले सत्र में कुछ महीने शेष हैं, यह देखते हुए कि एक विषय और पूरे पाठ्यक्रम को कब पूरा करना है, यह तय करना फायदेमंद होगा। उम्मीदवारों को एक ही समय में उनके लिए छोटे और बड़े लक्ष्य निर्धारित करने चाहिए। छोटे लक्ष्य उम्मीदवारों को प्रत्येक दिन कवर किए गए विषयों को जानने में मदद करेंगे, जबकि लंबे लक्ष्य यह समझने में मदद करेंगे कि उन्हें पहले प्रयास में एनईईटी को क्रैक करने के लिए कितना कवर करने की आवश्यकता है।

अध्ययन सामग्री- नीट यु जी की तैयारी के लिए प्रासंगिक अध्ययन सामग्री एकत्र करें। बाजार में किताबों की कोई कमी नहीं है, लेकिन नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अध्ययन सामग्री की जानकारी होनी चाहिए, जो महत्वपूर्ण है। कक्षा 11 और 12 के लिए एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तकों को एनईईटी के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकों के रूप में अनुशंसित किया जाता है

**अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करें-** विषयों को संशोधित करने के लिए कुछ समय निकालें। फ्लैशकार्ड बनाएं यदि उम्मीदवारों को अवधारणाओं को बनाए रखने में कोई समस्या हो। रास्ते में आने वाली सभी शंकाओं को नोट कर लें और गाइड और किताबों की मदद लें। यह प्रत्येक दिन के प्रदर्शन की छानबीन करने में मददगार होगा और इसमें कोई भी अपना सर्वश्रेष्ठ जज हो सकता है।

ललित गर्ग

**जैन** धर्म के तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्मोत्सव 18 दिसम्बर 2022 को मनाया जायेगा। तीर्थंकर पार्श्वनाथ का जन्म आज से लगभग 3 हजार वर्ष पूर्व वाराणसी में हुआ था। वाराणसी में अश्वसेन नाम के इक्ष्वाकुवंशीय राजा थे। उनकी रानी वामा ने पौष कृष्ण एकादशी के दिन महातेजस्वी पुत्र को जन्म दिया, जिसके शरीर पर सर्पचिह्न था। वामा देवी ने गर्भकाल में एक बार स्वप्न में एक सर्प देखा था, इसलिए पुत्र का नाम ह्यपार्श्वह्न रखा गया। राजा अश्वसेन वाराणसी के राजा थे। जैन पुराणों के अनुसार तीर्थंकर बनने के लिए पार्श्वनाथ को पूरे नौ जन्म लेने पड़े थे। पूर्व जन्म के संचित पुण्यों और दसवें जन्म के तप के फलतः ही वे तेईसवें तीर्थंकर बने। भगवान पार्श्वनाथ अज्ञान-अंधकार-आडम्बर एवं क्रियाकाण्ड के मध्य में क्रांति का बीज बन कर पृथ्वी पर जन्मे। तब तापस परम्परा में वे क्रांति-ज्वाला की तरह ऐसे प्रकट हुए, जैसे वर्षों तप में लीन रहने के बाद सहसा ज्ञान का तीसरा नेत्र खुल जाता है। उनका जीवन जहां तापस युग का अंत था तो दूसरे बौद्धिक साधना का प्रारम्भ। उनका प्रारंभिक जीवन राजकुमार के रूप में व्यतीत हुआ। पार्श्व प्रभु ने उपदेश दिया कि यदि धर्म इस जन्म में शांति और सुख नहीं देता है तो उससे पारलौकिक शांति की कल्पना व्यर्थ है। उन्होंने हमारी आस्था को नये आयाम दिये और कहा कि हमारे भीतर अनंत शक्ति है, असीम क्षमता है। इसलिए उन्होंने उपासनापरक और क्रियाकाण्डयुक्त धर्म को महत्व न देकर जीवंत धर्म की प्रतिस्थापना की। उन्होंने जिस धर्म का उपदेश दिया, वह न ब्राह्मण धर्म था, न क्षत्रिय धर्म, न वैश्य धर्म और न ही शूद्र धर्म। वह विशुद्ध धर्म था, जो किसी कुल, जाति या वर्ण की परिधि में सिमटा नहीं था। पुराणों के अनुसार पहले जन्म में वे मरुभूमि नामक ब्राह्मण बने, दूसरे जन्म में वज्रघोष नामक हाथी, तीसरे जन्म में स्वर्ग के देवता, चौथे जन्म में रश्मिवेग नामक राजा, पांचवें जन्म में देव, छठे जन्म में वज्रनाभि नामक चक्रवर्ती सम्राट, सातवें जन्म में देवता, आठवें जन्म में आनंद नामक राजा, नौवें जन्म में स्वर्ग के राजा इन्द्र और दसवें जन्म में तीर्थंकर बने। बचपन में पार्श्वनाथ का जीवन राजसी वैभव और ठाटबाट में व्यतीत हुआ। जब उनकी उम्र सोलह वर्ष की हुई और वे एक दिन वन भ्रमण कर रहे थे, तभी उनकी दृष्टि एक तपस्वी पर पड़ी, जो कुल्हाड़ी से एक वृक्ष पर प्रहार कर रहा था। यह दृश्य देखकर



> ऐसा कुछ करने की ठानी जिससे जीवन-मृत्यु के बंधन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। वे सत्योपलब्धि की साधना में जुटें और जन-जन को रोशनी बांटी। तब पार्श्व ने कहा- दयाहीन धर्म किसी काम का नहीं। बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशी ल और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। आक्रामक को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया

पार्श्वनाथ सहज ही चीख उठे और बोले - ठहरो! उन निरीह जीवों को मत मारो। उस तपस्वी का नाम महीपाल था। अपनी पत्नी की मृत्यु के दुख में वह साधु बन गया था। वह क्रोध से पार्श्वनाथ की ओर पलटा और कहा- मैं किसे मार रहा हूं? देखते नहीं, मैं तो तप के लिए लकड़ी काट रहा हूं। पार्श्वनाथ ने व्यथित स्वर में कहा- लेकिन उस वृक्ष पर नाग-नागिन का जोड़ा है। महीपाल ने तिरस्कारपूर्वक कहा- तू क्या त्रिकालदर्शी है? और पुनः वृक्ष पर वार करने लगा। तभी वृक्ष के चिरे तने से छटपटाता, रक्त से नहाया हुआ नाग-नागिन का एक जोड़ा बाहर निकला। एक बार तो क्रोधित महीपाल उन्हें देखकर कांप उठा, लेकिन अगले ही पल वह धूर्ततापूर्वक हंसने लगा। तभी पार्श्वनाथ ने नाग-नागिन को णमोकार मंत्र सुनाया, जिससे उनकी मृत्यु की पीड़ा शांत हो गई और अगले जन्म में वे नाग जाति के इन्द्र-इन्द्राणी धरणेन्द्र और पद्मावती बने और मरणोपरांत महीपाल सम्बर नामक दुष्ट देव के रूप में जन्मा। इस घटना ने पार्श्वनाथ की जीवन दिशा ही बदल दी और उनकी संसार के जीवन-मृत्यु से विरक्ति हो गई। उन्होंने ऐसा कुछ करने की ठानी जिससे जीवन-मृत्यु के बंधन से हमेशा के लिए मुक्ति मिल सके। वे सत्योपलब्धि की साधना में जुटें और जन-जन को रोशनी बांटी। तब पार्श्व ने कहा- दयाहीन धर्म किसी काम का नहीं। बचपन से ही पार्श्वनाथ चिंतनशी ल और दयालु थे। पार्श्व युवा हुए। इनका क्षत्रियत्व शौर्यशाली था। सभी विद्याओं में ये प्रवीण थे। एक बार अपने मामा की सहायता के लिए युद्ध किया। आक्रामक को इन्होंने परास्त कर, उसे बंदी बना अपने शौर्य का परिचय दिया। उन्होंने अपने समय की हिंसक स्थितियों को नियंत्रित कर अहिंसा का प्रकाश फैलाया। यूं लगता है पार्श्वनाथ जीवन दर्शन के पुरोधा बनकर आये थे। उनका अतः से इति तक का पूरा सफर पुरुषार्थ एवं धर्म की प्रेरणा है। वे सम्राट से संन्यासी बने, वर्षों तक दीर्घ तप तपा, कर्म निर्जरा की, तीर्थंकर बने। जैन दर्शन के रूप में शाश्वत सत्यों का उद्घाटन किया। उनका संपूर्ण व्यक्तित्व एवं कृर्तित्व जैन इतिहास का एक अमिट आलेख बन चुका है। पार्श्वनाथ ने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे पदार्थ छोड़ परमार्थ की यात्रा पर निकल पड़े। उन्होंने जीवन शुद्धि के लिए कठोर तप किया। उनके तप में सादगी थी और जीवन शुद्धि का मर्म था। वास्तव में तप वही है जिसके साथ न प्रदर्शन जुड़ा है और न प्रलोभन। इसमें न केवल उपदेश काम करता है और न अनुकरण। जीवन स्वयं एक तपस्या है। सुविधाओं के बीच सीमाकरण में रहना और अभावों के बीच तृप्ति को पा लेना भी तप है। प्रतिकूलताओं को समत्व से सह लेना, वैचारिक संघर्ष में सही समाधान पा लेना, इन्द्रियों को विवेकी बना लेना, मन की दिशा और दृष्टि को बदल देना भी तप है और ऐसे ही तप के माध्यम से पार्श्वनाथ न केवल स्वयं तीर्थंकर बने बल्कि जन-जन में ऐसी ही पात्रता को उन्होंने विकसित किया। उनकी साधना की कसौटी थी- शुद्ध आत्मा में धर्म का स्थिरीकरण। बिना पवित्रता धर्म आचरण नहीं बन सकता। जैसे- मुखौटों में सच नहीं छिपता, वैसे ही वासनाएं, कामनाएं, असत संस्कार और असत व्यवहार धर्म को आवरण नहीं बना सकता। इसलिए उपासना के इस बिन्दु से जोड़े कि धर्म मंदिर या पूजा पाठ में नहीं, धर्म मन के मंदिर में हैं। तीर्थंकर पार्श्वनाथ ने अहिंसा का दर्शन दिया। अहिंसा सबके जीने का अधिकार है, उन्होंने इसे स्वीकृत किया। प्राचीन उद्घोष एक बार फिर से करते हुए उन्होंने जनता को संदेश दिया- सव्वे पाणा पियाउवा, सव्वे दुक्ख पडिकुला- यानी सबको जीवन प्रिय है, दुख को कोई नहीं चाहता। पर हमने अपने स्वार्थ के वशीभूत होकर प्रकृति पदार्थ, प्राणी और पर्यावरण को नकार दिया। पार्श्वनाथ भी उन धर्मनायकों एवं तीर्थंकरों में से ऐसे महापुरुष थे, जो धर्म नीतियों का प्रकाश संसार में लेकर आए और ऐसे जीवन मूल्यों की स्थापना की जिनके माध्यम से धर्म एक नये रूप में प्रस्तुत हुआ। इस धर्म दर्शन में जीवन के इर्द-गिर्द छिपी बाहरी ही नहीं, भीतरी परछाइयां भी रोशनी बनकर प्रस्तुत होती है। अच्छाइयों की सही पहचान होती है, अहिंसक मन कभी किसी के सुख में व्यवधान नहीं बनता। भगवान पार्श्वनाथ हमारे लिए वंदनीय है। वे हमारे जीवन दर्शन के स्रोत हैं, प्रेरक आदर्श हैं। उन्होंने जैसा जीवन जीया, उसका हर अनुभव हमारे लिए साधना का प्रयोग बन गया। उन्होंने हमारे भीतर सुलभ बोधि जगाई, व्रत की संस्कृति विकसित की। बुराइयों का परिष्कार कर अच्छा इंसान बनने का संस्कार भरा। पुरुषार्थ से भाग्य बदलने का सूत्र दिया। क्योंकि हम कुछ होना चाहें और पुरुषार्थ न करें तो फिर बिना लंगर खोले रात भर नौका खेने वाले नादान मल्लाह की तरह असफलता हाथ आएगी। इसलिए उन्होंने कर्मवीर बनने का संदेश दिया। भगवान पार्श्वनाथ हमारे लिए वंदनीय है। वे हमारे जीवन दर्शन के स्रोत हैं, प्रेरक आदर्श हैं। उन्होंने जैसा जीवन जीया, उसका हर अनुभव हमारे लिए साधना का प्रयोग बन गया। उन्होंने हमारे भीतर सुलभ बोधि जगाई, व्रत की संस्कृति विकसित की। बुराइयों का परिष्कार कर अच्छा इंसान बनने का संस्कार भरा। पुरुषार्थ से भाग्य बदलने का सूत्र दिया। क्योंकि हम कुछ होना चाहें और पुरुषार्थ न करें तो फिर बिना लंगर खोले रात भर नौका खेने वाले नादान मल्लाह की तरह असफलता हाथ आएगी। इसलिए उन्होंने कर्मवीर बनने का संदेश दिया। भगवान पार्श्वनाथ ने लगभग 70 वर्ष तक जनता को आलोक बांटा। 100 वर्ष की आयु में एक मास का अनशन करते हुए सम्मेद शिखर पर श्रवण शुक्ल अष्टमी को उन्होंने निर्वाण प्राप्त किया। उनके जन्मदिवस के अवसर पर जरूरत है हम ऐसा संकल्प ले कि भगवान पार्श्वनाथ को सिर्फ शास्त्रों में ही न पढ़ें, प्रवचनों में ही न सुनें बल्कि पढ़ी और सुनी हुई ज्ञान-राशि को जीवन में उतारें तभी एक महाप्रकाश को अपने भीतर उतरते हुए देखेंगे। हम स्वयं पार्श्वनाथ बनने की तैयारी करें।

# मन ही सब कुछ है, आपको क्या लगता है आप क्या बनेंगे?

-डॉ सत्यवान सौरभ

**हमारा** दिमाग हमारे शरीर में सबसे शक्तिशाली तत्व है, हालांकि सबसे संवेदनशील भी है। हमारा शरीर जो भी कार्य करता है वह मन द्वारा निर्देशित होता है- हमारी गति, हमारी भावनाएं, भावनाएं और सबसे महत्वपूर्ण सोच और तर्क। मन की उपस्थिति के कारण मनुष्य पृथ्वी पर सबसे विकसित प्राणी है। हम अपने आस-पास जो भी परिवर्तन देखते हैं, स्वाभाविक रूप से प्रदान की गई चीजों से परे की रचनाएँ, मन की रचनाएँ हैं। यद्यपि कुछ रचनाओं को लाभकारी कहा जाता है तो कुछ हानिकारक होती हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि हमारा दिमाग उन्हें कैसे और कहाँ उपयोग करता है। शक्ति प्रकृति का सार है। इसे शारीरिक और मानसिक में वगीर्कृत किया जा सकता है। जब हम दोनों की तुलना करते हैं, तो हम देखते हैं कि मानसिक शक्ति (दिमाग) ही हर चीज का सार है। हिटलर के बारे में सोचिए - एक छोटे कद के आदमी के पास इतना शक्तिशाली दिमाग था कि वह दुनिया को जीतने के बारे में सोचता था कि आज उसे कैसे याद किया जाता है। गांधी के बारे में सोचें - भारत की आजादी के लिए जिम्मेदार एक शांत और शक्तिशाली दिमाग वाला एक कमजोर शरीर वाला व्यक्ति। इस तरह उन्होंने सोचा कि वे बन गए और इसलिए उन्हें याद किया गया। गांधी कुछ भी हासिल करने के लिए मन और आत्मा की शक्ति में विश्वास करते थे। एक अलग विभाग के रूप में मनोविज्ञान और मानव व्यवहार के अध्ययन की आज बहुत प्रासंगिकता है। मैकियावेली और हॉब्स जैसे प्राचीन राजनीतिक विचारकों ने एक स्वस्थ समाज के लिए मन और मानव व्यवहार के अध्ययन पर जोर दिया। हम दुनिया भर में कई आत्मघाती मामले देखते हैं। भारत के बड़े जनसांख्यिकीय लाभांश और बेरोजगारी दर के मामले में हम इसकी प्रासंगिकता पाते हैं। हाल के दिनों में वित्तीय बोझ के कारण किसानों की आत्महत्या के मामले संबंधित हो सकते हैं। समान स्थितियों वाले अन्य क्षेत्र हैं - शिक्षा, धार्मिक और क्षेत्रीय विविधताएँ। लोगों का दूसरों के प्रति असहिष्णु होना एक स्वस्थ और शांतिपूर्ण समाज के लिए एक समस्या है। बुद्ध ने कहा कि - 'सभी समस्याओं का कारण उत्साह है' अर्थात इच्छा की अधिकता और इच्छा मन से आती है। इसलिए मन को नियंत्रित और संतुलित करना आवश्यक है। भारतीय संस्कृति और शास्त्र हमें अपने मन को नियंत्रित करने के तरीके सिखाते हैं। संतुलित मन के लिए प्राचीन संत वर्षों से योग किया करते थे। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की भारत सरकार की पहल इस दिशा में एक और कदम है। यह मुहावरा - "मन ही सब कुछ है, जो आप सोचते हैं आप बन जाते हैं" सभी पहलुओं में सही है। इसलिए केवल एक स्वस्थ शरीर ही नहीं बल्कि एक स्वस्थ और प्रसन्न मन और आत्मा भी महत्वपूर्ण है। मन ही सब कुछ है। आप जो सोचते हैं, वही बन जाते हैं - भगवान बुद्ध की एक सुंदर उक्ति। उन्होंने ठीक ही कहा कि कर्म आत्म परिवर्तन के लिए प्रमुख अंतर्निहित कारक है और कर्म मन द्वारा नियंत्रित होता है। यहाँ मन आत्म बोध और स्वयं की स्थिति और स्थिति की अवधारणा को संदर्भित करता है जो जागृति की स्थिति की ओर ले जाता है। एक जागृत मन कर्म (क्रिया) को अपने स्वयं के व्यक्तित्व को बदलने की एक सतत प्रक्रिया के रूप में बदल देता है जो अंत में वैसा ही अवतार लेता है जैसा कोई बनना चाहता था।

एक वैज्ञानिक के रूप में लोकप्रिय होने से पहले, अल्बर्ट आइंस्टीन पोस्ट ऑफिस में क्लर्क के रूप में काम कर रहे थे। बचपन से ही कई अनुत्तरित प्रश्नों के उत्तर खोजने की उनकी जिज्ञासा ने एक शोधकर्ता के रूप में उनके सोचने के तरीके को ढाला। जाने-अनजाने में उनके दिमाग में एक प्रतिभाशाली वैज्ञानिक का जन्म हो गया था और अंत में अपने कई वर्षों के शोध और निष्कर्षों के बाद, उन्होंने विश्व के प्रसिद्ध सिद्धांत - "सापेक्षता का सामान्य सिद्धांत" की अवधारणा दी। न्यूटन, एडिसन, डॉ. रमन आदि के साथ भी यही हुआ। सूची अंतहीन है। महात्मा गांधी ने एक सदाचारी व्यक्ति होने और दक्षिण अफ्रीका में हिंसा और अत्याचार के खिलाफ लड़ने की अपनी क्षमता को महसूस किया। उनकी सोच और अहिंसा, समानता और मानवता के सिद्धांत ने उनके पूरे व्यक्तित्व को एक वकील से राजनीतिक नेता के रूप में बदल दिया, जो अपनी अंतिम सांस तक दमन और हिंसा के खिलाफ लड़ते रहे। उनके विपरीत, सरदार भगत सिंह ने हिंसा के माध्यम से आजादी की लड़ाई लड़ी। अहिंसा में उनका अविश्वास और हथियारों और गोला-बारूद के माध्यम से लड़ाई के दावे ने उन्हें हमेशा के लिए एक महान क्रांतिकारी नेता बना दिया। यह दिमाग और सोचने की प्रक्रिया है जिसने अशोक, अलेक्जेंडर, नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा, रवींद्र नाथ टैगोर, लिंकन, एडॉल्फ हिटलर और कई अन्य को जन्म दिया। समकालीन दुनिया में, उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति - किम जोंग-उन और हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी अनुकरणीय उदाहरण हैं। हिंसा, बल, दावे और बाहुबल के विश्वास अनुवर्ती सिद्धांत ने किम जोंग को आधुनिक समय के एक अत्याचारी नेता के रूप में बदल दिया। दूसरी ओर, शासन करने की राजनीतिक खोज ने श्री मोदी में महान नेतृत्व की गुणवत्ता पैदा की जो उन्हें सड़क से संसद तक ले आई। ऐसे कई उदाहरण भी हैं जो बताते हैं कि कैसे एक व्यक्ति ने खुद को एक नए अवतार में बदल लिया। यह मन में अंकुरित विश्वास, विश्वास, विचार और सिद्धांत ही हैं जिन्होंने असंख्य व्यक्तित्वों को मसीहा, नेता, विचारक या शैतान में बदल दिया। इसलिए महात्मा बुद्ध ने कर्म करने से पहले अपने विचारों को सुधारने पर बल दिया है। बिना तथ्य को जाने या कुछ धारणाओं के आधार पर किसी भी बात के लिए आलोचनात्मक होना मूर्ख की विशेषता है। उन्होंने मन और सोचने की प्रक्रिया को केंद्रित और जागरूक बनाने का तर्क दिया और फिर कर्म के माध्यम से ही कोई वह हासिल कर सकता है जो वह पाना चाहता है। कर्म या कार्य मन द्वारा नियंत्रित होते हैं और इसलिए, एक व्यक्ति जो सोचता है, उसके व्यक्तित्व को अंततः उस तरह से रूपांतरित किया जाएगा। व्यक्तित्व को मन द्वारा तैयार किया जाता है जो कुछ कार्यों को करने या न करने की ओर ले जाता है और अंत में हम विशिष्ट विशेषताओं वाले व्यक्ति को देखते हैं। इसलिए मनुष्य का व्यक्तित्व इतना विविधतापूर्ण है। गीता में ठीक ही कहा गया है कि प्रभु सर्वत्र हैं । भगवान को जानने के लिए आपको भगवान बनना होगा।

# भारतीय परंपरागत संगीत - भक्ति और श्रृंगार रस

किशन भावनानी

**वैश्विक** स्तरपर सदियों पुरानी भारतीय परंपरागत संगीत की चाहत और प्रतिष्ठा आज भी अनेक देशों में कायम है और उसे देखने, उसका अध्ययन करने, अनेक सैलानी भारत यात्रा करते हैं। हमने कई बार इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और टीवी चैनलों पर देखे होंगे कि विदेशी सैलानी अनेक प्रदेशों में वहां के पारंपरिक संगीत पर नाचते झूमते हैं और बहुत खुश, संतुष्ट नजर आते हैं। यह देखकर हमारा सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है और हम गौरववित होते हैं कि हम भारत देश के नागरिक हैं। साथियों बात अगर हम सदियों पुराने भारत के मशहूर शास्त्रीय संगीत के फनकारों और उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम भारत की रंगबिरंगी अनेक संगीत कलाओं की करें तो आज भी किसी विशेष अवसर पर हम इन फनकारों का करिश्माई हुनर की काबिलियत देखने को मिलती है और आजकल के युवा यह देखकर हैरान रह जाते हैं। हालांकि हम यह भी देख रहे हैं कि साल दर साल हमारे पारंपरिक विभिन्न प्रदेशों के संगीत की शैली और निरंतरता में कमी आ रही है क्योंकि यह क्षमता में गिरावट पीढ़ी दर पीढ़ी से होने के कारण पूर्व जैसा वजन आज परंपरागत संगीत शैलियों में नहीं मिल रहा है और धीरे-धीरे यह विलुप्तता की और बढ़ रही है।

साथियों बात अगर हम पुराने संगीत शैलियों परंपरागत भारतीय संगीत की परंपराओं को संरक्षित, सुरक्षित करने और विलुप्तता से बचाने की करें तो सबसे पहले हमें युवाओं को इस पारंपरिक संगीत की ओर प्रेरणा देकर उनमें रुचि जगाना होगा क्योंकि आज 65 फीसदी भारतीय जनसंख्या युवा है और अधिकतम युवा पाश्चात्य संस्कृति की ओर रुची में मजबूर होते जा रहे हैं उन्हें अंग्रेजी गाने हिंदी धूम-धड़ाके वाले गीत और वर्तमान परिपेक्ष जमाने के गीतों में अधिक उत्साह और चाहत दिखती है।

साथियों बात अगर हम युवाओं में इस पारंपरिक संगीत की ओर रुझान देने की करे तो इसमें हमारे बड़े बुजुर्गों,शिक्षकों, अभिभावकों का महत्वपूर्ण योगदान कीजरूरत है। क्योंकि युवा इनके संपर्क में ही बचपन से बड़े होते हैं और इसलिए इनपर बचपन से ही भारतीय पारंपरिक संगीत के प्रति रुझान पैदा करने की जरूरत है ताकि यह अपनी पीढ़ियों में इस संगीत को संरक्षित, सुरक्षित कर अगली पीढ़ियों को प्रोत्साहित करेंगे।

साथियों बात अगर हम संगीत में मानवीय काया को निरोगी रखने की अपार संभावनाओं की करें तो आज हम यह विशेषता पारंपरिक प्लस आधुनिक संगीत दोनों में देखते हैं क्योंकि आज योगा क्लास, व्यायाम, पीटी इत्यादि फिटनेस के तरीकों में हम देखते हैं कि इसकी प्रक्रिया में मानवीय संकेतों, निदेर्शों, आवाजों का स्थान अब गीतों ने ले लिया है याने अब यह सब प्रक्रियाएं गीतों के माध्यम से होती है। इधर कोई भी नया पुराना गीत चलता है और योगा,व्यायाम, पीटी की प्रक्रिया होती है, याने संगीत में मानवीय काया निरोगी करने की भी अपार क्षमता है।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने भी, भारतीय संगीत परंपरा के संतों द्वारा प्रदान किए गए वृहद ज्ञान के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि ब्रह्मांडीय ऊर्जा को महसूस करने की शक्ति और ब्रह्मांड के प्रवाह में संगीत को देखने की क्षमताही भारतीय शास्त्रीय संगीत परंपरा को इतना असाधारण बनाती है। उन्होंने कहा, संगीत एक ऐसा माध्यम है जो हमें हमारेसांसारिक कर्तव्यों से अवगत कराता है और यह हमें सांसारिक आसक्तियों को पार करने में भी मदद करता है।उन्होंने भारत की कला और संस्कृति की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने के लक्ष्य के लिए एक फाउंडेशन की प्रशंसा की। उन्होंने फाउंडेशन से प्रौद्योगिकी के इस युग के दो प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करने को कहा। सबसे पहले उन्होंने कहा कि भारतीय संगीत को वैश्वीकरण के इस युग में अपनी पहचान बनानी चाहिए। उन्होंने कहा कि योग दिवस के अनुभव ने संकेत दिया है कि भारतीय विरासत से दुनिया को फायदा हुआ है और भारतीय संगीत में भी मानव मन की गहराई में उतरने की क्षमता है। उन्होंने कहा, दुनिया में हर व्यक्ति भारतीय संगीत के बारे में जानने, सीखने और लाभ पाने का हकदार है। इसका ख्याल रखना हमारी जिम्मेदारी है। दूसरी बात, उन्होंने कहा कि जब टेक्नोलॉजी का प्रभाव हर क्षेत्र में है, तो संगीत के क्षेत्र में भी टेक्नोलॉजी और आईटी का रिवॉल्यूशन होना चाहिए। भारत में ऐसे स्टार्ट अप तैयार हों जो पूरी तरह संगीत को डेडिकेटेड हों, भारतीय वाद्य यंत्रों पर आधारित हों, भारत के संगीत की परंपराओं पर आधारित हों। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम के काशी तमिल संगमम के उद्घाटन समारोह में काशी तमिलनाडु को संगीत साहित्य कला का अभूतपूर्व स्त्रोत बताने की करें तो उन्होंने कहा काशी और तमिलनाडु दोनों संगीत, साहित्य और कला के अभूतपूर्व स्त्रोत भी हैं।यहां काशी का तबला है और तमिलनाडु का थन्नीमाई है।

## जम्मू कश्मीर में हिंसा और आतंकवाद

संजीव

**पाक** समर्थित आतंकवादी यह नहीं चाहते कि **जम्मू** कश्मीर में फिर शांति सद्भावना स्थापित हो और कश्मीरी ब्राह्मण वापस आकर रहने लगे। यह आतंकवादी इस मंतव्य से जाति विशेष के लोगों की हत्या कर रहे हैं कि वहां पर जातिगत वैमनस्यता भड़का कर घाटी में ज्यादा से ज्यादा अशांति का संचार हो और वह अपने मकसद पर कामयाब हो जाए। इधर एलएसी में नापाक चीन द्वारा तवांग घाटी में घुसपैठ करने की कोशिश की गई जिसका भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब देकर उन्हें वापस खदेड़ा गया। एलओसी और एलएसी पर माहौल काफी चिंतनीय है और सीमा पर स्थाई समाधान खोजने की परम आवश्यकता है। जम्मू कश्मीर में 370 धारा हटाने के बाद पाकिस्तान लगातार तिलमिलाया हुआ है, और वहां शांति,अमन फैलने से काफी बेचैन भी है। कश्मीर में चरमपंथी, कश्मीरी पंडितों की वापसी के बीच अल्पसंख्यकों का भरोसा तोड़ना चाहते हैं। कश्मीर में विगत 30 वर्षों से आतंकवादी हिंसा से 35 से 40 हजार लोगों की हत्या हो चुकी है। चरमपंथी जम्मू कश्मीर की शांति स्थापना के प्रयास को तोड़ना चाह कर, वहां अशांति फैलाने का प्रयास कर रहे हैं। अत्यंत उल्लेखनीय है कि कश्मीर में धारा 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार का वहां पर विकास की योजनाएं लागू करने पर पूरा जोर लगा रही है। चुनाव कराने की घोषणा के बाद राजनीतिक गतिविधियां भी तीव्रता के साथ बढ़ रही हैं। भारत-पाकिस्तान की सेनाओं के बीच संघर्ष विराम के बाद सीमाओं पर आए दिन होने वाली गोलीबारी तो शांत है। इसका मतलब यह नहीं निकाला जाना चाहिए कि पाकिस्तान अपनी आतंकी हरकतों से बाज आ गया है।

## फटाफट खबरें

### विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा लगाया गया मरीजों के लिए निः शुल्क कैंप




**अखंड भारत संदेश**

**सफीपुर उन्नाव ।** गुर्दा किडनी व हृदय रोग कैंप का निः शुल्क किया गया आयोजन।प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को सफीपुर नगर में उन्नाव हरदोई रोड पर स्थित बस स्टॉप के समीप राजू ब्रह्मचारी (पत्रकार) रीजेंसी हॉस्पिटल कानपुर के सुपर स्पेशलिस्ट दो चिकित्सकों द्वारा विभिन्न मरीजों की जांच कर उनका उपचार करने के साथ ही उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया। जिसमें डॉ0 उमेश दुबे एम. बी. बी. एस.,- एम. डी. डी. एम. (गुर्दा व किडनी रोग विशेषज्ञ) ने किटिनन, गुर्दे किडनी में पथरी की बीमारी, गुर्दे किडनी की पुरानी बीमारी, सीकेडी, गर्भावस्था से संबंधित गुर्दे किडनी की बीमारी आदि से संबंधित आए हुए मरीजों का उपचार किया। तथा डॉ0 सुमित नारंग एम. एस (जनरल सर्जरी) एम. सी. एच. (कार्डियो थोरेसिक वैस्कुलर सर्जरी) द्वारा मरीजों की जांच की गई। जिसमें हृदय संबंधित बीमारियां, दिल की नसों में ब्लॉकेज, हृदय वाल्व, खून की नसों की बीमारियां, आर्टिरीज में ब्लॉकेज, दिमाग की नसों में ब्लॉकेज आदि से पीड़ित मरीजों की बारीकी से जांच कर उनका उपचार किया गया। तथा उन्हें उचित परामर्श भी अवगत करवाया गया। इस दौरान जांच व इलाज कराने आने वाले तथा परामर्श लेने वाले मरीजों एवं उनके साथ आए तीमारदारों का तांता लगा रहा।

### दहेज हत्या में मृतका के पति को 10 साल की कैद, त्वरित न्यायालय ने सुनाया निर्णय

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने मृतका के पति को दस वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। 20 हजार रुपए के जुमार्ना से भी दंडित किया है।

शुक्रवार को सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपालदास ने बताया कि बांदा जिले के पैलानी थाने के पिपरहरी गांव के निवासी बलराम सिंह ने कर्वी कोतवाली में खोह गांव के निवासी शत्रुघन सिंह पुत्र राजू सिंह सेंगर के विरूद्ध दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। तहरीर में बलराम सिंह ने बताया था कि उसने पुत्री पूनम की शादी खोह निवासी शत्रुघन सिंह के साथ दो जून 2017 को की थी। शादी में हैसियत से ज्यादा दान दहेज दिया था, किन्तु ससुरालीजन दहेज से संतुष्ट नहीं थे। चारपहिया गाड़ी की मांग कर रहे थे। गाड़ी की मांग को लेकर शादी के कुछ दिन बाद ही पूनम का मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न शुरू हो गया था। पूनम को लिवाने जाने को खोह आने पर ससुरालीजन उसे जलाकर मार देने की धमकी भी देते थे। शादी केएक साल बाद चार जून 2018 को दोपहर में उसके दामाद शत्रुघन ने ससुराली जनों के साथ बेटी पूनम को पीटा और जला दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान 22/23 जून 2018 को उसकी मौत हो गई। ससुरालीजनों ने इस घटना की सूचना भी उन्हें नहीं दी थी, किन्तु अन्य लोगों से सूचना मिली।

पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश विनीत नारायण पाण्डेय ने शुक्रवार को निर्णय सुनाया। धारा 498ए, 304बी, 323 आईपीसी एवं धारा 3/4 दहेज अधिनियम के आरोपी शत्रुघन सिंह पुत्र राजू सिंह सेंगर को दोष सिद्ध करार देते हुए दस वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। 20 हजार रुपए के जुमार्ना से दंडित किया। न्यायालय के निर्णय के बाद आरोपी को सजा भुगतने को जिला कारागार भेज दिया गया है।

### चोरी के वांछित को दबोचकर बरामद किया सोना-चांदी




**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती वृन्दा शुक्ला के निर्देश पर कर्वी कोतवाल अवधेश मिश्रा की अगुवाई में पुलिस टीम ने 19 मई को कर्वी के सराफा दुकान में हुई चोरी के वांछित जसवंत सिंह पुत्र स्व जगतार सिंह निवासी बानूसी थाना खटीमा जिला उधमसिंहनगर उत्तराखंड को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से पुलिस ने 25 ग्राम सोना व 669 ग्राम चांदी बरामद करने का दावा किया है। ज्ञात है कि 19 मई 2022 को कोतवाली कर्वी के सुनील कुमार सुहाने पुत्र दुर्गा सुहाने निवासी पुरानी बाजार की दुकान से अज्ञात चोरों ने शटर तोडकर दुकान में रखी तिजोरी ले गये थे। इस मामले में पुलिस ने आठ जून 2022 को घटना का खुलासा किया था। चोरी की घटना में शामिल तीन चोरों के कब्जे से 11 लाख 82 हजार दो सौ रुपये का सामान व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो बरामद कर जेल भेजा था। इसी मामले में वांछित चल रहे जसवंत सिंह पुत्र जगतार सिंह को कोतवाली कर्वी पुलिस ने उत्तराखंड से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सोना-चांदी बरामद किया है।

# राज्य मंत्री व विधायक ने नवीन मंडी स्थल के धान क्रय केंद्रों का किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**उन्नाव ।** राज्य मंत्री, खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति उत्तर प्रदेश, सतीश चन्द्र शर्मा द्वारा सदर विधायक पंकज गुप्ता के साथ नवीन मण्डी स्थित विपणन शाखा के धान क्रय केन्द्र, उन्नाव मण्डी व भारतीय खाद्य निगम के धान क्रय केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय क्रय केन्द्र प्रभारी कुमैल मेंहदी क्षेत्रीय विपणन अधिकारी उपस्थित पाए गए। केन्द्र पर खरीद से सम्बन्धित समस्त व्यवस्थायें पायी गयीं व कृषक इब्राहिम अली, निवासी- मोहल्ला कल्याणी सिविल लाइन्स, उन्नाव के लगभग 38.00 कु0 धान की तौल की जा रही थी। तथा कृषक रमाशंकर, निवासी-चैसन्धा द्वारा लगभग 42.00 कु0 धान तौल के लिए लाया गया था। खाद्य विभाग के मण्डी स्थित केन्द्र पर अब तक कुल, 50 कृषकों से 2816.50 कु0 धान की खरीद की जा चुकी है।

तदोपरान्त भारतीय खाद्य निगम के धान क्रय केन्द्र उन्नाव मण्डी का निरीक्षण किया गया। केन्द्र पर धान खरीद सम्बन्धित समस्त व्यवस्थायें पायी गयी एवं निरीक्षण के समय केन्द्र प्रभारी श्री दिलीप उपस्थित मिले। केन्द्र पर आज कृषक शैलेन्द्र, निवासी-मकूर के 50.00 कु0 धान की खरीद की गयी। केन्द्र पर अब तक कुल 42 कृषकों से 1949.60 कु0 धान की खरीद की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान मंत्री जी द्वारा केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि केन्द्र पर बोरा इत्यादि धान खरीद सम्बन्धित समस्त व्यवस्थायें पूर्ण रखें। किसी भी स्थिति में कृषकों को बेवजह परेशान न किया जाये एवं नियमानुसार ही खरीद करायी जाए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय कृषकों से सम्पर्क कर धान क्रय में प्रगति लाने के निर्देश दिये। यह भी कहा कि किसी भी दशा में क्रय केन्द्र पर बिचैलियों की सक्रियता से खरीद न होने पाये। केन्द्र पर आने वाले सभी कृषक बन्धुओं से सम्मानपूर्वक व एक जैसा व्यवहार




किया जाये। और उनके धान की तत्काल खरीद की जाये, अन्यथा की स्थिति में दोषी पाये जाने पर कड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी। धान क्रय केन्द्रों के निरीक्षण के पश्चात खाद्य राज्य मंत्री द्वारा निरीक्षण भवन में जन प्रतिनिधियों से मुलाकात कर विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी। मंत्री जी द्वारा मूल्य समर्थन योजना का लाभ प्रत्येक इच्छुक व पात्र कृषक तक पहुँचाने के लिए सार्थक प्रयास करने पर बल दिया गया। खाद्य सुरक्षा के अन्तर्गत सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी को प्रभावी बनाते हुए जी0पी0एस0 युक्त ट्रकों के प्रयोग के लिए निर्देशित किया गया। गल्ला उचित दर विक्रेताओं से पात्र लोगों तक पहुंचे, इसके लिए अधिकारी सतत निगरानी रखें। अपात्र लोगों के राशन कार्ड निरस्त करते हुए, जिन नये लोगों ने राशन कार्ड के लिए आवेदन किया है, उनका राशन कार्ड निर्धारित नियम से त्वरित गति से बनाने के निर्देश दिये गये।

ध्यातव्य है कि जनपद को आवण्टित धान क्रय लक्ष्य 40,000.00 मी0टन के सापेक्ष अभी तक कुल 1580 कृषकों से 87233.87 कु0 धान खरीद हुई है एवं धान खरीद के सापेक्ष सम्बन्धित मिलों को 41946.20 कु0 धान का सम्प्रदान किया गया है। खरीद के सापेक्ष मिलों को धान सम्प्रदान की स्थिति पर असंतोष व्यक्त करते हुए समस्त जिला प्रबन्धकों एवं केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि धान क्रय केन्द्रों पर हो रही खरीद के सापेक्ष सम्बन्धित मिलों को नियमित धान का सम्प्रदान कराते रहें एवं राइस मिलर से समन्वय स्थापित कर समयान्तर्गत भारतीय खाद्य निगम डिपो में सी0एम0आर0 की प्राप्ति करायें। वर्तमान खरीफ विपणन वर्ष, 2022-23 में शासन द्वारा धान कॉमन का मूल्य रू0 2040/- प्रति कु0 व धान ग्रेड-ए का मूल्य रू0 2060/- प्रति कु0 निर्धारित किया गया है।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी(वि0/रा0) नरेन्द्र सिंह एवं जिला खाद्य विपणन अधिकारी श्याम मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# रेल मंत्री से मिलकर सांसद आर के सिंह पटेल ने की दिल्ली से चित्रकूट तक वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की मांग

## सांसद की पहल धर्म नगरी के पर्यटन को मिलेगी रफ्तार

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुंदेलखंड के कद्दावर राजनेता बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने शुक्रवार को दिल्ली में केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात कर संसदीय क्षेत्र की रेलवे से सम्बंधित समस्याओं की जानकारी देते हुए यात्री सुविधाओं में विस्तार की मांग की।केंद्रीय रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से मिलकर बांदा-चित्रकूट सांसद आर के सिंह पटेल ने झाँसी-मानिकपुर रेल लाइन, बाँदा-कानपुर रेल लाइन का दोहरीकरण कार्य जल्द से जल्द पूरा कराने,संसदीय क्षेत्र के अतर्रा रेलवे स्टेशन में प्रयागराज-अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस का ठहराव किया जाने, बरगढ़ रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एक्सप्रेस एवं



सारनाथ एक्सप्रेस का ठहराव किये जाने, खुरहंड रेलवे स्टेशन में बुंदेलखंड एवं चित्रकूट एक्सप्रेस का ठहराव किये जाने,दिल्ली से झाँसी होते हुए बाँदा , चित्रकूट , मानिकपुर प्रयागराज तक वंन्दे भारत एक्सप्रेस ट्रेन चलाये जाने की मांग की।सांसद श्री पटेल ने कहा कि बुंदेलखंड का चहुमुखी विकास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं में है।

उन्होने बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के चालू हो जाने के बाद जल्द ही चित्रकूट एयरपोर्ट की शुरूआत हो जायेगी।जिससे भगवान श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के पर्यटन विकास को नई उड़ान मिलेगी।उन्होने कहा कि संसदीय क्षेत्र बांदा-चित्रकूट को बेहतर रेल परिवहन सेवा से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे है।बताया कि केंद्रीय रेल मंत्री द्वारा उनकी मांगों को जल्द से जल्द पूरा करने का भरोसा दिलाया है।

## डा सारिका मिश्रा के जर्मनी रवाना होने पर लोगों ने जताई खुशी



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिले के अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्र की पुत्री डॉ सारिका मिश्रा ने लगन से पढाई कर बिना सरकारी मदद के मंजिल को प्राप्त किया है। उनकी सफलता पर राजकीय बालिका इंटर कालेज समेत जिले का नाम रोशन हुआ है।

शुक्रवार को डॉ सारिका मिश्रा के पोस्ट डाक डिग्री हासिल करने को जर्मनी रवाना होने पर तमाम लोगों ने शुभकामनायें दी है। डॉ सारिका मिश्रा ने राजकीय बालिका इंटर कालेज से इंटर तक की पढाई का सफर मध्यवर्गीय परिवार में रहते हुए किया है। इलाहाबाद विवि से भौतिक विज्ञान में परास्नातक डिग्री हासिल करने के बाद पहले प्रयास में जेआरएफ प्राप्त कर भौतिक रिसर्च लेबोरेटरी अहमदाबाद से पीएचडी की डिग्री प्राप्त किया है।

अधिवक्ता रुद्र प्रसाद मिश्र ने बताया कि उनकी पुत्री सारिका मिश्रा ने अपनी लगन और मेहनत से सुविधाओं के अभाव के बावजूद अगले पडाव के लिए पोस्ट डाक डिग्री हासिल करने जर्मनी रवाना हो गई हैं।

# हजारों किसानों से विनोद पटेल ने पेड लगाने के नाम पर लूटे करोडो रुपये

## पीड़ित ने मामला दर्जकर विनोद को जेल भेजने की उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा जिले के चिल्ला थाना तहसील पैलानी डिघवट गांव के धर्मेन्द्र द्विवेदी पुत्र जनार्दन द्विवेदी ने सूबे के मुख्यमंत्री समेत उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा कि वह बालकृष्ण बायो प्लांटेक प्रालि में नौकरी करता था। बालकृष्ण बायो प्लांटेक में तमाम फर्जी काम का विरोध करने पर उसे कई बार जान से मारने की धमकी दी गई है। उसने बताया कि बालकृष्ण बायो प्लांटेक पूरी तरह से जालसाजी कर चित्रकूट जिले समेत अन्य जिलों के हजारों किसानों को लूट चुकी है।

शुक्रवार को फर्जी कम्पनी बालकृष्ण बायो प्लांटेक के पूर्व कर्मचारी धर्मेन्द्र द्विवेदी ने उच्चाधिकारियों को लिखे पत्र में कहा है कि फर्जी कम्पनी में तमाम फर्जी काम कर किसानों के साथ धोखाधडी की जा रही है। विरोध पर उसका अपहरण करने का प्रयास कर जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। प्लांटेक के मालिक विनोद पटेल पुत्र चुनबाद निवासी जबरापुर थाना फतेहगंज तहसील अतर्रा जिला बांदा के पास न नर्सरी का लाइसेंस है और न ही अन्य कोई लाइसेंस व गोदाम है। सभी काम फर्जी ढंग से कर किसानों को लूटा जा रहा है। महोगनी का पौधा दस रुपये में लाकर 150 रुपये में, पपीते का पौधा चार रुपये में लाकर 150 रुपये में, चंदन का पौधा 15 रुपये में लाकर पांच सौ रुपये में, आम का पौधा 20 रुपये में लाकर तीन सौ रुपये में गरीब किसानों को विभिन्न प्रलोभन देकर तकरीबन एक हजार किसानों से करोडों रुपये लूट चुका है। रोजगार मेले में एचआर बनकर विनोद पटेल प्रलोभन देकर युवाओं को लाता है। बेरोजगार युवा जब सच्चाई



जानते हैं तो उन्हें डराने की कोसिस की जाती है। विनोद पटेल कुछ दिनों बाद अपना डायरेक्टर बदल देता है। इसके बदले किसी अन्य को डायरेक्टर बनाकर लूट का खेल जारी रखता है। आशीष कुमार को बदलकर अनिल कुमार को नियुक्त किया। जिसके ऊपर दूसरे कम्पनी से पैसे लेकर भागने का आरोप है। आज तक कम्पनी के एकाउंट से कोई लेन-देन नहीं है, बल्कि कम्पनी के सारे लेन-देन अपनी पत्नी सुमित्रा देवी के खाते से कटता है, ताकि टैक्स चोरी किया जा सके। हर साल फर्जी बैलेंस सीट बनवाकर कम्पनी को ऐन-केन ढंग से जीवित किये है। अपने कर्मचारी के गूगल पे को कम्पनी का नाम बनवाकर फर्जी कर्मचारियों से किसानों का पैसा मंगवाकर नकद ले लेता है। फर्जी कम्पनी का मालिक विनोद पटेल कम्पनी के दस्तावेजों में आफिस का पता गलत लिखवाये है।

पीड़ित धर्मेन्द्र द्विवेदी ने बताया कि फर्जी मिट्टी परीक्षण रिपोर्ट बनाकर किसानों को फंसाता है और प्लांट लगाता है। जबकि किसानों के पूरे पेड सूख रहे हैं। विनोद ने भोलेभाले गरीब बेरोजगार युवाओं से गलत काम करवाकर दूसरी कम्पनी गोल्डन फार्मर ग्रुप आफ कम्पनी का भी काम करता है। उसके एकाउंट में लाखों का घोटाला किया है। वहां से बेईज्जत करके निकाला गया है। पीड़ित धर्मेन्द्र द्विवेदी ने उच्चाधिकारियों से मांग की है कि विनोद पटेल की फर्जी कम्पनी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर किसानों से लूटे गये रुपये लोगों को वापस दिलाये जायें। इसके खिलाफ कडी कार्यवाही कर जेल भेजा जाये।

------------------

# बालू घाट में छापेमारी से ट्रक संचालकों में मची हलचल

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे की सरकार अवैध बालू खनन एवं ओवरलोड ढुलान में कडे निर्देश जारी किये है। इसके बाद भी तीरमऊ घाट में गोरखधंधे से बालू निकासी हो रही है। एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार झां के निर्देश पर नायब तहसीलदार व खनिज अधिकारी ने तीन ओवरलोड ट्रकों का ई-चालान व एक ट्रक को सीज किया है। इससे ट्रक चालकों में हलचल मची है।

शुक्रवार को राजापुर एसडीएम प्रमोद झां के निर्देश पर खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह व नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम तथा राजापुर थानाध्यक्ष दीपेन्द्र सिंह ने तीरमऊ बालू घाट में छापेमारी कर बालू से लदे तीन ओवरलोड ट्रकों का ई-चालान किया है। एक ट्रक को राजापुर थाने में सीज किया है। औचक छापेमारी



से ओवरलोड ट्रक संचालकों में हलचल मची है। लोकेशन गैंग के गुर्गे ट्रकों व टैज्क्टरों को छिपाने का कार्य काफी देर तक करते रहे।

नायब तहसीलदार पुष्पेन्द्र सिंह गौतम ने बताया कि प्रदेश सरकार के रवन्ने के आधार पर ही बालू, गिट्टी, मोरम का ढुलान किया जाये। ओवरलोड ढुलान करते पाये जाने पर ट्रक व ट्रैक्टरों को किसी हाल में छोडा नहीं जायेगा। बालू घाट संचालकों को निर्देश दिये कि रवन्ना के मानक अनुसार लोडिंग करायें। घाटों में लगे धर्मकांटा की तौल पर्ची ट्रक संचालकों को दें। सीसीटीवी कैमरे में कोई हेरफेर करने पर कडी कार्यवाही की जायेगी। तहसील क्षेत्र में सक्रिय लोकेशन गैंग की भी जानकारी ली जा रही है।

## नहरों की सफाई के बिना ही सरकारी धन का बंदरबांट

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिंचाई निर्माण खंड के गुंता बांध रैपुरा की मुख्य नहर से निकलने वाली नहरों की सिल्ट सफाई कार्य में सहायक अभियंता देवीप्रसाद मिश्र व अवर अभियंता हिमांशू तथा ठेकेदार की मिलीभगत से नहरों की बिना सिल्ट सफाई कार्य के ही सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है।

शुक्रवार को गुन्ता मुख्य नहर से निकलने वाली नहर चहटा, नुनमई, बुधवल प्रथम व बुधवल द्वितीय में सिल्ट सफाई कार्य में खानापूरी की गई है। बुधवल नहर द्वितीय में तो कार्य ही नहीं कराया गया। कई और नहरे हैं, जिनमें सिल्ट सफाई का कार्य नहीं कराया। इससे किसानों को पानी नहीं मिल पा रहा है। विभाग सिल्ट सफाई कार्य को पूरा बताकर किसानों को गुमराह कर रहा है। सर्विस रोड नहर के अतिरिक्त सेक्सन में जंगल, झाडियां व बेड की सफाई के कार्य नहीं हुए। विभाग ने गुन्ता नहर के सिल्ट सफाई कार्य को पूरा बताते हुए एग्रीमेन्ट फाइनल कर दिया है।

सिंचाई निर्माण खण्ड के चर्चित सहायक अभियंता देवीप्रसाद मिश्र के भ्रष्टाचार के कारनामे खासे देखने-सुनने को मिल रहे हैं। हर बार सिल्ट सफाई कार्य में सरकारी धन का बंदरबांट किया जाता है। इस बार भी सिल्ट सफाई कार्य कराये बिना ही सरकारी धन को ठिकाने लगाया जा रहा है। सिंचाई निर्माण खण्ड के अधिशाषी अभियंता आरएन यादव ने सिल्ट सफाई कार्य में धांधली करने वाले सहायक अभियंता देवीप्रसाद मिश्र, अवर अभियंता हिमांशु व ठेकेदार की मिलीभगत की हकीकत जान चुके हैं। किसानों ने सरकारी धन का बंदरबांट करने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है।

# किसानों के मुकदमे लौटाने को भाजपा नेता ने उठाई मांग

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** तहसील मऊ के किसानों के खिलाफ दर्ज मुकदमे वापस लेने की मांग को लेकर भाजपा किसान मोर्चा के कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कार्य समिति सदस्य श्यामनारायण शुक्ला ने एसडीएम सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को राजेश यादव को सौंपा।

शुक्रवार को तहसीलदार को सौंपे ज्ञापन में भाजपा किसान मोर्चा ने कहा कि किसानों पर 11 दिसम्बर 2022 को कुछ किसानों के मऊ तहसील में गौवंशों को लाकर ये दिखाने का प्रयास किया गया कि क्षेत्र में गौवंश अन्ना हैं। दिनरात किसानों की फसल चट कर रहे हैं। ऐसे सात नामजद व आधा दर्जन अज्ञात किसानों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। किसानों ने मांग की



थी कि गौवंशों को गौशाला भेजा जाये। किसानों की इस कार्यवाही के प्रतिक्रिया स्वरुप प्रशासन की ओर से मामला दर्ज करा दिया गया था। प्रशासन की इस कार्यवाही से किसान भयभीत हैं। अपने खेतों की रखवाली करने नहीं जाते। डरे-सहमे किसानों के मुकदमे वापस करने की मांग को लेकर भाजपा नेता श्यामनारायण शुक्ल ने एसडीएम सम्बोधित ज्ञापन में कहा कि मुकदमा वापस लिया जाये।

तहसीलदार राजेश यादव ने भाजपा नेता को भरोसा दिया कि किसानों के मुकदमे वापस लेने पर विचार किया जायेगा। ज्ञापन देने में भाजपा मऊ मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र उर्फ बालाजी, विनीत द्विवेदी, रामचन्द्र ओझा आदि किसान मौजूद रहे।

# भारतीय शोध छात्र ने कैंब्रिज विश्वविद्यालय में सुलझाई ढाई हजार साल पुराने संस्कृत ग्रंथ अष्टाध्यायी की गुत्थी

**लंदन।** भारत के महान विद्धान पाणिनी के अष्टाध्यायी जैसे ग्रंथ के रचानाकार के व्याकरण की एक गुत्थी (मुश्किल) को ढाई हजार साल बाद कैंब्रिज विश्वविद्यालय में भारतीय शोध छात्र ऋषि राजपोपट (27) ने सुलझा लिया है। यह ईसा से 700 वर्ष पूर्व भाषाओं के जनक कहे जाने वाले भारतीय मनीषी पाणिनी के नियम से बनी थी। ऋषि ने अपने शोध पत्र- इन पाणिनी, वी ट्रस्ट डिस्कवरिंग द एल्गोरिदम फार रूल कान्फ्लिक्ट रिजोल्यूशन इन द अष्टाध्यायी में इस गुत्थी को सुलझाया है। पाणिनी के अष्टाध्यायी (व्याकरण) के आठ अध्यायों में चार हजार सूत्र हैं। ये सूत्र किसी भी भाषा के वेदवाक्य हैं। अष्टाध्यायी में सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और पारिवारिक जीवन के नियमों का विस्तृत वर्णन है। अष्टाध्यायी के अध्ययन के बाद जर्मन विद्वान मैक्स मूलर ने कहा था कि इस ग्रंथ के सामने अंग्रेजी या ग्रीक या लैटिन की संकल्पनाएं नगण्य हैं। ब्रिटिश विश्वविद्यालय के अनुसार संस्कृत के शीर्ष विद्वानों ने राजपोपट की खोज को क्रांतिकारी करार दिया है। इसके कारण अब



पाणिनी की व्याकरण कंप्यूटर के जरिये पढ़ाई जा सकेगी। राजपोपट के अनुसार उन्हें कैंब्रिज में ज्ञान की दिव्यदृष्टि मिली जिसके आधार पर वह यह कार्य करने में सफल हो पाए।

ऋषि राजपोपट ने बताया कि नौ महीने के लगातार प्रयास के बाद इस भाषाई गुत्थी को सुलझा पाने में जब विफल रहा तो मैं उसे छोड़ने वाला था, कुछ सोच नहीं पा रहा था। इसलिए एक महीने के लिए किताबें बंद करके रख दीं। इसके बाद गर्मी के मौसम का आनंद लेने लगा। उस दौरान तैराकी की, लंबी दूरी तक साइकिल यात्राएं कीं, खाना पकाया, मंत्रों का जाप किया और ध्यान लगाया। इसके बाद चमत्कार हो गया। राजपोपट ने आगे कहा कि जैसे ही दौबारा से उसने पुस्तक खोली कुछ ही मिनट बाद मस्तिष्क में संकल्पनाएं आकार लेने लगीं। इसके बाद बहुत कुछ करना था और किया लेकिन उस समय व्याकरण की गुत्थी सुलझाने का मार्ग मिल चुका था। समझ गया कि चमत्कार हो गया है। रोमांच की इसी अनुभूति के चलते उस रात और उसके बाद की कई रातों में सो नहीं पाया। सब भूलकर घंटों लाइब्रेरी में गुजारने लगा। विषय से जुड़ी ज्यादा से ज्यादा पुस्तकें पढ़ने लगा। कई बार आधी रात तक पढ़ता और अगले दिन भी सुबह जल्द उठकर फिर पढ़ना शुरू कर देता। अन्य कार्य करते हुए भी मस्तिष्क संबंधित भाषाई मुश्किलें सुलझाने में लगा रहता था। ऐसा करते हुए ढाई साल काटे, तब जाकर पाणिनी की गुत्थी सुलझाने में सफल हुआ। राजपोपट ने कहा कि पाणिनी के पास अद्भुत मस्तिष्क था। मानव इतिहास में उनके जैसे मस्तिष्क वाला व्यक्ति होने का दूसरा उदाहरण नहीं मिलता। उन्होंने कुछ भी नया करने की नीयत से नहीं किया। उन्होंने वही किया जो उनके मस्तिष्क का स्तर था। उसी का नतीजा था कि वह दुनिया को ऐसी निधि दे गए जो हजारों साल बाद भी उतनी ही बहुमूल्य है जितनी उनके समय में थी।

कैंब्रिज विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर विंसेन्जो वर्जियानी ने कहा, मेरे शिष्य ऋषि ने हजारों साल की अनसुलझी गुत्थी को सुलझाया है। उसने असामान्य कार्य किया है। समूची मानव जाति को इसका लाभ होगा।

# जयशंकर ने लगाई क्लास तो पाक के मंत्री बिलावल भुट्टो को लगी मिर्ची...पीएम मोदी पर की घटिया टिप्पणी

**लंदन।** आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से कभी बाज नहीं आ सकता। आतंकी गतिविधियों में सामिल होने के बाद भी पाकिस्तान अपने आप को हमेशा मासूम बताता है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर सहानुभूति बटोरता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल जरदारी भुट्टो अंतरराष्ट्रीय मंच पर खुद को सही ठहराने के चक्कर में हद पार कर दी। पाकिस्तान के मंत्री ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निजी हमला बोलते हुए कहा, 'मैं भारत को बताना चाहता हूं कि ओसामा बिन लादेन तो मर चुका है, लेकिन -गुजरात का कसाई' अभी जिंदा है और भारत का प्रधानमंत्री है। संयुक्त राष्ट्र की बैठकों में हिस्सा लेने न्यूयॉर्क पहुंचे भुट्टो ने एस जयशंकर पर हमला बोलते हुए कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने से पहले अमेरिका ने उनकी एंट्री पर बैन लगा दिया था। पीएम मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर पर आरोप लगाते हुए भुट्टो ने कहा कि दोनों भारत के नहीं, ऋूस के प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री हैं। भारत के विदेश लग गई और वह पीएम मोदी पर बदतमीजी भरी टिप्पणी करने पर उतर आए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बोलते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने यूएन में कश्मीर



मंत्री ने 9/11 के मास्टरमाइंड ओसामा बिन लादेन को पनाह देने वाली टिप्पणी की थी जिस पर बिलावल जरदारी भुट्टो को मिर्ची मुद्दे को उठाने पर पाकिस्तान को फटकार लगाई थी। पाकिस्तान को नसीहत देते हुए जयशंकर ने कहा था कि जिस देश ने अल-कायदा नेता ओसामा बिन लादेन जैसे आतंकवादी को पनाह दी हो और अपने पड़ोसी देश की संसद पर हमला किया हो, उसे उपदेश नहीं देना चाहिए। पाकिस्तान पर हमला बोलते हुए जयशंकर ने कहा था कि जो दुनिया के लिए अस्वीकार है, उसे सही ठहराने का सवाल ही नहीं उठना चाहिए। जयशंकर की इसी टिप्पणी पर बिलावल जरदारी भुट्टो को मिर्ची लगी।

# रूसी सेना हुई और अधिक आक्रामक, यूक्रेन पर ताबड़तोड़ मिसाइल से हमले, बेलारूस जाएंगे पुतिन

**मास्को।** रूस और यूक्रेन के बीच चल रही जंग के नौ महीने से अधिक हो जाने के बाद भी पुतिन की सेना अपने हमले कम नहीं कर रही । ताजा रिपोर्ट के अनुसार रूसी सेना ने एक बार फिर से यूक्रेन के तीन बड़े शहरों पर ताबड़तोड़ मिसाइल हमले कर दिए हैं। राजधानी कीव के मेयर ने शहर के मध्य जिलों में धमाकों की सूचना दी है। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने कहा कि डेसन्यान जिले में विस्फोटों की आवाज सुनी गई और निवासियों को शेल्टर का सहारा लेने की चेतावनी दी। वहीं, पूर्वी खार्किव क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि रूसी हमलों के बाद मुख्य शहर में बिजली नहीं है।

**क्रिसमस के दौरान भी हमले नहीं रुकेंगे: रूस**

रूस ने जानकारी दी है कि वह यूक्रेन में मौजूद अधिकारी पैट्रियट मिसाइल रक्षा प्रणाली को ध्वस्त करने की कोशिश करेगा। रूसी सेना के अधिकारियों के मुताबिक क्रिसमस के दौरान भी हमले नहीं रुकेंगे। वहीं अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सप्ताहांत तक अमेरिका यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल सिस्टम देगा। इसे भेजने के लिए वह योजना को अंतिम रूप दे रहा है।

**रूसी राष्ट्रपति जाएंगे बेलारूस**

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन अपने समकक्ष और सहयोगी अलेक्जेंडर लुकाशेंको के साथ वार्ता के लिए सोमवार को बेलारूस जाएंगे। बेलारूस प्रेसीडेंसी ने शुक्रवार को कहा कि यह बैठक मिन्स्क में इंडिपेंडेंस पैलेस, लुकाशेंको के कार्यालय में होगी। यह दौरा यूक्रेन में रूस के हमले के 10 महीने बाद आया है, जिसे बेलारूसी क्षेत्र सहित कई दिशाओं से शुरू किया गया था।

# यूएनएससी में 26/11 मुंबई हमले की पीड़ित नर्स अंजलि ने सुनाई आपबीती

**न्यूयॉर्क।** मुंबई के 26/11 हमले की पीड़ित नर्स अंजलि विजय कुलठे ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को आपबीती सुनाई। आतंकवाद का मुकाबला करने पर अपने संबोधन



में अंजलि ने कहा कि जब वे भारत की जेल में बंद पाकिस्तान के आतंकवादी अजमल कसाब से मिलीं तो उसे अपनी करनी पर जरा भी अफसोस नहीं था। अंजलि की दुख भरी दास्तां सुनाकर कई देशों के अधिकारी और नेता भावुक हो गए। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में मौजूद संयुक्त अरब अमीरात की मंत्री ने 26/11 के आतंकवादी हमले की पीड़ित नर्स अंजलि विजय कुलथे की प्रशंसा कर उन्हें बहादुर कहा और उनकी कहानी को भावुक कर देने वाला बताया। अंजलि ने कहा कि सुरक्षा परिषद में वैश्विक नेता अपने संयुक्त प्रयासों से आतंकवाद के खतरे को समाप्त कर सकते हैं।

# पेरू के पूर्व राष्ट्रपति भेजे गए जेल, हिंसा में आठ की मौत

**लीमा।** पेरू में चल रहा राजनीतिक संकट अब हिंसक हो उठा है। देश में आपातकाल लगाए जाने की घोषणा के बाद अब पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जेल भेज दिया गया है। इस बीच देश में जारी हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई है और दर्जनों लोग घायल हुए हैं।

राजनीतिक संकट के बीच सात दिसंबर को तत्कालीन राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को हटा दिया गया था। उनके हटाए जाने के बाद देश में हिंसक घटनाएं बढ़ गई हैं। सड़क पर उतरे कैस्टिलो समर्थक लगातार पुलिस से भिड़ रहे हैं। पुलिस व कैस्टिलो समर्थकों के बीच हिंसा में आठ लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने हिंसा




भड़काने के लिए पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जिम्मेदार मानकर गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पेरू के सर्वोच्च न्यायालय ने कैस्टिलो को 18 माह के लिए जेल भेजने का आदेश दिया है। उन पर देश में उन पर देश में विद्रोह भड़काने व साजिश रचने के आरोप में मुकदमा चलाया जाएगा।

पेरू के सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश कार्लोस चेकले ने पूर्व राष्ट्रपति पेड्रो कैस्टिलो को जेल भेजने का आदेश जारी किया। उन्हें 18 माह तक न्यायिक हिरासत में रखने के आदेश जारी किए गए हैं। इससे पहले पेरू की राजधानी लीमा स्थित अभियोजन कार्यालय ने कोर्ट से मुकदमे के दौरान पेड्रो कैस्टिलो को 18 महीने तक हिरासत में रखने का अनुरोध किया था। कैस्टिलो की गिरफ्तारी के बाद पेरू में अशांति फैल गई थी। उनके समर्थकों ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए थे।

इसे देखते हुए कैस्टिलो के स्थान पर राष्ट्रपति बनीं डिना बोलुआर्ते ने देश में 30 दिन के लिए आपातकाल लगा दिया। हड़ताल व आंदोलन के कारण पेरू को रोजाना 2.60 करोड़ डॉलर का नुकसान उठाना पड़ रहा है। पेरू की नई राष्ट्रपति ने आंदोलनकारियों से बातचीत की अपील की है। उन्होंने कहा है कि देश की नई सरकार शांति, सद्भाव और भाईचारे के साथ रहते हुए देश की जरूरतों और लक्ष्यों का पाना चाहती है।

# 106 साल में पहली बार ब्रिटेन में नर्सिंग कर्मचारी हड़ताल पर, क्या पीएम सुनक लाएंगे कानून ?

**लंदन।** ब्रिटेन में निवास की बढ़ती लागत के कारण इंग्लैंड, वेल्स और उत्तरी आयरलैंड में नर्सें वेतन वृद्धि की मांग को लेकर ऐतिहासिक हड़ताल में शामिल हो रही हैं। मीडिया रिपोट में यह जानकारी दी गई।द गार्डियन के अनुसार ब्रिटेन के सबसे बड़े नर्सिंग यूनियन रॉयल कॉलेज ऑफ़ नर्सिंग (आरसीएन) के 106 साल के इतिहास में यह पहली हड़ताल है। हड़ताल में मुद्रास्फीति के ऊपर पांच प्रतिशत की वेतन वृद्धि प्राप्त करने के लिए एक लाख से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के इसमें भाग लेने की उम्मीद है। सांध्यकालीन स्टैंडड'अखबार ने सप्ताह की शुरुआत में बताया कि हड़ताल ब्रिटेन के विभिन्न हिस्सों में हो रही है। जबकि स्कॉटलैंड में स्वास्थ्य सेवा संघों ने हड़ताल को समाप्त करने का निर्णय लिया और स्कॉटलैंड के पहले मंत्री निकोला स्टर्जन के प्रस्तावित वेतन वृद्धि को स्वीकार किया। रिपोटरं के अनुसार 20 दिसंबर को हजारों नर्सों के भी हड़ताल पर जाने की उम्मीद है। जिससे महीनों से ब्रिटेन नेशनल हेल्थ सर्विस (एनएचएस) के सामने कर्मचारियों की कमी की समस्या को बढ़ा सकती है। विरोध प्रदर्शन ब्रिटेन के अस्पतालों के काम में बड़ी रुकावट पैदा कर सकते हैं। सरकार ने आधिकारिक तौर पर सेना से स्वास्थ्य सेवाओं का समर्थन करने का अनुरोध किया है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने नवंबर में कहा कि नर्सों और अन्य एनएचएस श्रमिकों के लिए उनके मन में 'बहुत सम्मान' है, लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में वेतन वृद्धि के लिए उनकी मांगे स्पष्ट रूप व्यवहारिक नहीं है।

# खून के रिश्तों से बंधे हैं बांग्लादेश और भारत : अंदालिब इलियास

**कोलकाता स्थित बांग्लादेश उच्चायोग में मनाया जा रहा है तीन दिवसीय विजय दिवस**

**कोलकाता।** बांग्लादेश की आजादी की स्मृति में मनाये जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर कोलकाता स्थित बांग्लादेशी उपउच्चायोग परिसर में तीन दिवसीय आयोजन शुरू हो चुका है। शुक्रवार को इस मौके पर बांग्लादेश के राष्ट्रपिता शेख मुजीब और आजादी की लड़ाई के अन्य शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई है। इस दौरान कोलकाता में बांग्लादेश के डिप्टी हाईकमीशन के अंदालिब इलियास उपस्थित थे। इस मौके पर अंदालिब इलियास ने कहा कि बांग्लादेश और भारत खून के रिश्तों से बंधे हैं। उन्होंने 1971 के महान मुक्ति



संग्राम में भारत के सहयोग को याद किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री बंगबंधु की बेटी शेख हसीना और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच सौहार्दपूर्ण संबंध आने वाले दिनों में दोनों देशों के बीच दोस्ती के सुनहरे अध्याय को मजबूत करने में मदद करेगा। बांग्लादेश विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व अध्यक्ष प्रोफेसर अब्दुल मन्नान ने कहा कि अतीत, वर्तमान, भविष्य पर चर्चा में बांग्लादेश और भारत मैत्रीपूर्ण संबंधों की एक और मिसाल पेश कर रहे हैं। बांग्लादेश की रवींद्र यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर मोहम्मद शाह आजम ने उम्मीद जताई कि भविष्य में दोनों देशों के बीच व्यावसायिक संबंधों का और विस्तार होगा। स्टेट्समैन के पूर्व संपादक मानस घोष ने वर्ष 1970 के दशक के अनुभव का जिक्र करते हुए कहा कि अगर बांग्लादेश में शेख हसीना सत्ता में हैं, तो भारत सीमा सुरक्षा के बारे में आश्वस्त हो सकता है। इस दौरान एनआरबी वर्ल्ड फ्रेंडशिप फोरम और बांग्लादेश सस्वर पाठ समन्वय परिषद ने दिलचस्प सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन द्वितीय सचिव (राजनीतिक) शेख मारेफत तारिकुल इस्लाम ने किया।

# तिब्बत के मध्यम मार्ग दृष्टिकोण के समर्थन में कनाडा की संसद ने सर्वसम्मति से पारित किया प्रस्ताव

**टोरंटो।** कनाडा की संसद ने तिब्बत के मध्यम मार्ग दृष्टिकोण को लेकर एक प्रस्ताव पारित कर तिब्बती प्रतिनिधियों और चीनी सरकार के बीच बातचीत की बहाली का समर्थन किया है। कनाडाई हाउस ऑफ कॉमन्स ने बीते दिन संसद में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया है। कनाडाई सांसद गार्नेट जेनुइस ने इस प्रस्ताव को बीते कनाडा की संसद में प्रस्तुत किया था। इस प्रस्ताव में तिब्बत के



मध्यम मार्ग दृष्टिकोण का समर्थन किया गया और तिब्बती प्रतिनिधियों और चीनी सरकार के बीच बातचीत की बहाली का समर्थन किया गया।

यह प्रस्ताव कनाडा की संसद में मंगलवार को सांसद गार्नेट जेनुइस द्वारा प्रस्तुत किया गया था, जो एक कट्टर तिब्बत समर्थक हैं। तिब्बत के प्रति उनकी चिंता और तिब्बतियों की मदद करने के दृढ़ संकल्प ने तिब्बतियों को उनके आत्मनिर्णय के अधिकार को लेकर कार्रवाई करने के लिए उनके प्रस्ताव से सहमत होकर सर्वसम्मति से सदन ने इस प्रस्ताव को परित कर दिया।

उधर सदन द्वारा प्रस्ताव को पारित करने के बाद सांसद गार्नेट ने ट्वीट किया कि 'कनाडा की संसद ने सर्वसम्मति से मध्य मार्ग के दृष्टिकोण का समर्थन करते हुए मेरे द्वारा लाए गए प्रस्ताव को पारित किया है। चीनी संविधान के ढांचे के भीतर के लिए वास्तविक स्वायत्तता। आपके नेतृत्व और हिमायत के लिए तिब्बती समुदाय को धन्यवाद।

उन्होंने लिखा कि इस तरह के प्रस्ताव का सर्वसम्मति से पारित होना तिब्बत की टोपी में जोड़ा गया एक और पंख है जो तिब्बती लोगों के संघर्ष के लिए आने वाले समय में बेहतर काम करेगा।

गौरतलब है कि तिब्बत की स्वायत्ता को लेकर निर्वासित तिब्बत सरकार और चीन सरकार के प्रतिनिधियों के बीच मध्यम मार्ग दृष्टिकोण के तहत पहले भी वार्ता हो चुकी है। हालांकि इस वार्ता के कोई सकारात्मक परिणाम सामने नही आ सके थे और उसके बाद चीन ने इस वार्ता को दोबारा करने में कोई रूचि भी नही दिखाई है। इसी के चलते निर्वासित तिब्बती सरकार विश्व के विभिन्न देशों से इस बारे में हस्तक्षेप करने और इस वार्ता को दोबारा आगे बढ़ाने के लिए चीन पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत काम कर रही है। इसी कड़ी में कनाडा की संसद ने इस प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित कर निर्वासित तिब्बत सरकार और तिब्बत के लोगों के लिए एक आस जगाई है। हालांकि देखना यह होगा कि चीन पर इसका कितना असर होता है।

# चीन से निपटने में भारत की मदद करेगा अमेरिका, सीनेट से मिली रक्षा विधेयक को मंजूरी

**वाशिंगटन।** भारत-चीन सीमा विवाद के बीच अमेरिका खुलकर भारत के साथ खड़ा हुआ है। अमेरिकी सीनेट ने वर्ष 2023 के लिए 850 अरब डॉलर खर्च वाले रक्षा विधेयक को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक में चीन से निपटने में भारत की मदद करने की बात भी कही गयी है।

अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम भारी बहुमत से पारित किया। विधेयक के पक्ष में 84 वोट पड़े और विरोध में सिर्फ दस सीनेटर रहे। इस विधेयक के साथ ताइवान एन्हांस्ड रेजिलिएंस एक्ट को भी पारित किया गया है। इसमें ताइवान की सुरक्षा क्षमताओं को आधुनिक बनाने के लिए 10 अरब डॉलर की सुरक्षा सहायता की व्यवस्था की गई है। ताइवान की तरह यूक्रेन की सुरक्षा के लिए भी 80 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया गया है। बाइडन ने यूक्रेन के लिए 50 करोड़ डॉलर का प्रावधान किया



था, जबकि स्वीकृत राशि उससे ज्यादा है।

अमेरिकी सीनेट की सशस्त्र सेना सेवा समिति के अध्यक्ष जैक रीड ने कहा कि दुनिया जितनी खतरनाक आज है, उतनी खतरनाक कभी नहीं दिखी। अमेरिकी रक्षा विधेयक में भारत के साथ रक्षा संबंधों को मजबूत करने पर जोर दिया गया है, ताकि रूस निर्मित सैन्य उपकरणों पर भारत की निर्भरता को कम किया जा सके। इस विधेयक को आठ दिसंबर को अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने 350-80 मतों से पारित किया था। सीनेट से मंजूरी के साथ ही अब इसके कानूनी रूप लेने का रास्ता साफ हो गया है। सीनेट से पारित अधिनियम के अनुसार भारत के साथ विस्तारित रक्षा सहयोग के तहत खुफिया सूचनाओं के संग्रहण, ड्रोन

**अमेरिकी सीनेट ने राष्ट्रीय रक्षा प्राधिकरण अधिनियम भारी बहुमत से पारित किया। विधेयक के पक्ष में 84 वोट पड़े और विरोध में सिर्फ दस सीनेटर रहे।**

आपूर्ति, चौथी और पांचवीं पीढ़ी के विमान, पांचवीं पीढ़ी के वायरलेस संचार सुविधाएं, ठंड के दिनों में कारगर रक्षा उपकरणों की आपूर्ति शामिल हैं। विधेयक में चीन से मिल रही चुनौतियों से निपटने के लिए अरबों डॉलर का प्रावधान किया गया है।

# वैश्विक दबाव के कारण शेयर बाजार में गिरावट जारी

**नई दिल्ली।** ग्लोबल मार्केट से मिल रहे कमजोर संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार ने भी आज गिरावट के साथ कारोबार की शुरूआत की। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाकर एक बार सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों को हरे निशान तक भी पहुंचाया, लेकिन थोड़ी देर बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से ये दोनों सूचकांक दोबारा गिरकर लाल निशान में पहुंच गए। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे।

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

Title UPHIN 29506

ऑफिस मो.: 9565333000

Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।